दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO.RAJHIN/2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 78 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक | शुक्रवार, 24 अक्टूबर 2025 | कार्तिक तृतीया तिथि संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# तीनों सेनाओं के लिए 79,000 करोड़ के हथियार खरीदे जाएंगे

## रक्षा मंत्रालय ने मंजूरी दी: इसमें एडवांस नाग मिसाइल सिस्टम और सुपर रैपिड गन शामिल

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को करीब 79,000 करोड़ रुपए के एडवांस हथियार और सैन्य उपकरण खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) की बैठक में ये फैसला लिया गया।

इससे नाग मिसाइल खरीदी जाएंगी, जो दुश्मन के टैंक और बंकर तबाह करने में सक्षम है। लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स बनाए जाएंगे, जिससे समुद्र से जमीन पर ऑपरेशन आसान हो सके। साथ ही एडवांस लाइटवेट टारपीडो की खरीद होगी, ताकि समंदर में पनडुब्बयिों को ध्वस्त कयिा जा सके। इसके अलावा सुपर रैपिड गन खरीदी जाएंगी।

इसमें नेवी, इंडियन आर्मी और एयरफोर्स के लिए कई महत्वपूर्ण सिस्टम शामिल हैं जिनका उद्देश्य सेना की क्षमता और तैनाती को बढ़ाना है। इससे पहले 5 अगस्त को करीब 67,000 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी।

### थल सेना :

- थल सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम (Tracked) Mk-II, खरीदा जाएगा, जो ट्रैक्ड व्हीकल्स पर चलेगा। ये मिसाइल दुश्मन के टैंक, बंकर और दूसरी मजबूत दीवारों का खात्मा करने में माहिर है।
- दूसरा है ग्राउंड बेस्ड मोबाइल ELINT System (GBMES), जो 24 घंटे दुश्मन की हरकतों पर नजर रखेगा। ये सिस्टम दुश्मन के रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल्स को पकड़कर सिक्योरिटी को मजबूत करेगा।
- हाई क्वालिटी मोबिलिटी वेहिकल, जो मैटेरियल हैंडलिंग क्रेन के साथ होगा। ये गाड़ियां हर तरह के जंगली इलाकों में सामान पहुंचाने और लॉजिस्टिक सपोर्ट देने में काम आएंगी। इससे सेना को हर मौसम और जगह पर फायदा होगा।

### नेवी

- नेवी के लिए लैंडिंग प्लेटफार्म डॉक्स (LPDs) बनेगा, जो नेवी को समुद्र में बड़े ऑपरेशंस करने में मदद करेगा। ये शिप्स सेना को किनारे पर उतारने और एम्फीबियस ऑपरेशंस यानी समुद्र से जमीन पर करने में आसानी देंगे। साथ ही शांति मिशन, राहत कार्य और डिजास्टर मैनेजमेंट में भी सपोर्ट करेंगे।
- इसके अलावा, 30mm नेवल सरफेस गन और एडवांस लाइटवेट टॉरपीडो भी मिलेंगे। इसे डीआरडीओ की नेवल साइंस एंड टेक्नोलॉजी लैब ने बनाया है, जो न्यूक्लियर और छोटी पनडुब्बियों को निशाना बना सकता है।
- इसके साथ ही इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इंफ्रारेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम और 76mm सुपर रैपिड गन माउंट के लिए स्मार्ट फायर कंट्रोल मशीन भी आएगी।

### एयरफोर्स

**एयरफोर्स के लिए कोलैबरेटिव लांग रेंज टारगेट सेचुरेशन और डिस्ट्रक्शन सिस्टम खरीदा जाएगा। ये सिस्टम बिना पायलट के प्लेन को टेकऑफ, लैंडिंग, नेविगेशन, टारगेट डिटेक्शन और अटैक करने की ताकत देगा। यानी ये ऑटोनॉमस तरीके से दुश्मन पर हमला करेगा। इससे एयरफोर्स की स्ट्राइक पावर और बढ़ जाएगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि ये नई खरीदें सिर्फ सेनाओं की ताकत और तैयारी नहीं बढ़ाएंगी।**

## तेजस्वी महागठबंधन के मुख्यमंत्री फेस



बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी।)** बिहार चुनाव के लिए महागठबंधन का सीएम चेहरा RJD प्रमुख तेजस्वी यादव होंगे। कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने महागठबंधन की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनी तो उपमुख्यमंत्री मुकेश सहनी होंगे। उप मुख्यमंत्री और भी लोग बनाए जाएंगे, जो पिछड़े समुदाय से होंगे। गहलोत ने कहा कि हमारा नेता तो तेजस्वी यादव हैं। NDA बताए कि उनका CM फेस कौन होगा। सिर्फ नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, कहने से नहीं चलेगा। ऐलान के बाद तेजस्वी यादव ने कहा कि मुझ पर फिर से भरोसा जताया है। सभी का दिल से धन्यवाद है। सबसे कहना चाहता हूं कि जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरेंगे। 20 साल पुरानी निकम्मी सरकार को उखाड़कर फेंकेंगे। महागठबंधन की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस 50 मिनट चली। इसमें आरजेडी, कांग्रेस, VIP समेत 7 दलों के 14 नेता शामिल हुए। इसमें सभी दलों के नेताओं को बोलने मौका दिया गया। सभी ने अपनी स्पीच में महागठबंधन में एकजुटता की बात कही।

## दिल्ली में दमघोंटू हवा का कहर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली। (एजेंसी।)** हवा की रफ्तार थोड़ा बढ़ने और प्रदूषक तत्व कुछ छंटने से बृहस्पतिवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ। हालांकि यह लगातार चौथे दिन भी रही 'बहुत खराब' में ही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के अनुसार शाम चार बजे दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 305 रहा। आनंद विहार में एक्यूआई 410 दर्ज किया गया, जो सभी निगरानी केंद्रों में सबसे ज़्यादा है। दिन में दिल्ली में धुंध छाई रही और दोपहर के समय हवा की गति 10-15 किमी प्रति घंटा तक पहुंच गई। सीपीसीबी द्वारा बनाए गए समीर ऐप के अनुसार, शहर भर के 38 निगरानी केंद्रों में से बृहस्पतिवार को 23 ने ''बहुत खराब'' वायु गुणवत्ता दर्ज की। जबकि 14 'खराब' श्रेणी में रहे। बृहस्पतिवार को दिल्ली देश का चौथा सबसे प्रदूषित शहर रहा। पहले नंबर पर बहादुरगढ़ रहा। तुलनात्मक रूप से, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के पड़ोसी शहरों, जैसे गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में वायु गुणवत्ता बेहतर रही।

## तमिलनाडु-केरल में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली। (एजेंसी।)** दक्षिण भारत में पूर्वोत्तर मानसून के सक्रिय होने से तमिलनाडु और केरल में लगातार भारी बारिश जारी है। चेन्नई, तंजावुर, कांचीपुरम और नागपट्टिनम सहित कई जिलों में जलभराव की स्थिति बन गई है। चेन्नई प्रशासन ने एहतियातन सभी स्कूलों को बंद कर दिया है। वहीं, केरल में भारी बारिश और तेज हवाओं के चलते इडुक्की, पलक्कड़, मलप्पुरम और पथनमथिट्टा जिलों में बुधवार को स्कूल-कॉलेजों की छुट्टी घोषित की गई। पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन के खतरे को देखते हुए रात में यात्रा पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### विकसित राजस्थान @ 2047 विजन डॉक्यूमेंट

# वर्ष 2047 तक राजस्थान बनेगा विकसित राज्य : भजनलाल

- विकसित देशों की तर्ज पर सुविधाओं का किया जाएगा विस्तार
- समावेशी विकास से 4.3 ट्रिलियन डॉलर की बनेगी अर्थव्यवस्था



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। उनके इस लक्ष्य में अपना योगदान देने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार विकसित राजस्थान/2047 के संकल्प को लेकर कार्य कर रही है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विकसित राजस्थान/2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है। युवा, महिला, किसान और गरीब को केन्द्र में रखते हुए यह दस्तावेज विकसित भारत/2047 की आंकाक्षाओं के अनुरूप राजस्थान का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित करेगा। गत अगस्त माह में सम्पन्न हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस विजन डॉक्यूमेंट का अनुमोदन भी कर दिया गया है।

### कृषि, उद्योग, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा बनेंगे विकास का प्रमुख आधार

विजन डॉक्यूमेंट में कृषि, उद्योग, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा को प्रमुख आधार बनाते हुए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर बनाने की परिकल्पना की गई है। इस प्लान के मुताबिक प्रदेश में विकसित देशों की तर्ज पर सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। इसके साथ ही, शत-प्रतिशत साक्षरता, सुलभ स्वास्थ्य, सतत जल प्रबंधन, स्मार्ट शहरीकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं युवा व महिला सशक्तीकरण के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में योजनाबद्ध रूप से कार्य किया जा रहा है। राज्य सरकार ने वर्ष 2047 के दूरगामी लक्ष्य को हासिल करने के लिए चरणबद्ध रूप से विकास की रूपरेखा बनाई है। इसके लिए वर्ष 2030, 2035 और 2040 के मध्यावधि लक्ष्य भी तय किए गए हैं। इस प्रकार विभिन्न चरणों में आकार लेते हुए राज्य के विकास की तस्वीर पूर्ण होगी। विजन डॉक्यूमेंट में राज्य के विकास लक्ष्य का आधार दुनिया के विकसित देशों के विभिन्न क्षेत्रों में हासिल पैरामीटर्स को माना गया है। उदाहरण के लिए जर्मनी का क्षेत्रफल और वहां की जनसंख्या राजस्थान के लगभग बराबर है। यदि जर्मनी के सकल राज्य मूल्य वर्धन में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी देखी जाए तो 2024 में वहां यह 19.7 प्रतिशत रही।

### 4 थीम और 13 सेक्टर्स पर आधारित है विजन डॉक्यूमेंट

विकास के इस दस्तावेज को प्रमुख रूप से 4 थीम्स और 13 सेक्टर्स में बांटा गया है। पहली थीम जन कल्याण एवं सामाजिक सशक्तीकरण पर आधारित है, जिसमें कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण को शामिल किया गया है। दूसरी थीम त्वरित विकास, समृद्धि एवं रोजगार सृजन पर आधारित है, जिसमें उद्योग, खनन व आर्थिक वृद्धि के साथ ही, पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास को जोड़ा गया है। डॉक्यूमेंट की तीसरी थीम भविष्य उन्मुख राजस्थान, आधारभूत अवसंरचना और सतत विकास पर आधारित है। इसमें आधारभूत विकास, जल सुरक्षा एवं अनुकूलता तथा पर्यावरण स्थायित्व व जलवायु अनुकूलता जैसे सेक्टर्स को समाहित किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरों सिंह शेखावत को श्रद्धांजलि अर्पित की



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को विद्याधर नगर स्थित स्मृति स्थल पहुंचकर पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरों सिंह शेखावत की जयंती पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शर्मा ने इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि स्व. शेखावत ने राष्ट्रवाद की भावना से ओतप्रोत होकर देश व प्रदेश की मजबूती और जनसेवा के माध्यम से गरीब के उत्थान का कार्य किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरित होकर राजस्थान में अंत्योदय योजना के माध्यम से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सहारा देकर आगे बढ़ाने का काम किया था। साथ ही, महात्मा गांधी एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को भी आगे बढ़ाया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी, सांसद मदन राठौड़, मती मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, बालमुकुंदाचार्य, नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल पुश्तैनी जमीन बेचने से मिली राशि देंगे प्रधानमंत्री राहत कोष में दान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने रोहतक जिले के पुश्तैनी गांव बनियानी में स्थित करीब डेढ़ एकड़ जमीन बेचकर इससे प्राप्त राशि प्रधानमंत्री राहत कोष (PM Relief Fund) में दान करने की घोषणा की है।

मनोहर लाल की पुश्तैनी संपत्ति में से करीब डेढ़ एकड़ जमीन उनके हिस्से में आई थी, जिसे बेचकर उन्हें लगभग एक करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हुई। यह पूरी राशि उन्होंने प्रधानमंत्री राहत कोष को समर्पित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अपने पुश्तैनी घर को "मां शांति देवी पुस्तकालय" के नाम से समाज को समर्पित करने की भी घोषणा की है। इस आवास को पुस्तकालय में परिवर्तित किया जाएगा, जहां ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए एक अनुकूल अध्ययन वातावरण प्राप्त कर सकेंगे।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राष्ट्रीय पोषण माह 2025 में राजस्थान के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर दी बधाई

# राष्ट्रीय पोषण माह 2025 में राजस्थान को मिला दूसरा स्थान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में राजस्थान महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर महिला एवं बाल विकास की विभिन्न योजनाओं में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन किया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा में नम्बर वन और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में भी नम्बर वन रहने के बाद और राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के चौथे स्थान के पिछले प्रदर्शन को और बेहतर प्रदर्शन करते हुए इस बार (17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025) राष्ट्रीय पोषण माह 2025 में राजस्थान ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर महिला एवं बाल विकास विभाग (निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं) को बधाई दी है। महिला एवं बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभावी रणनीति, जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों, तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की निष्ठा व समर्पण का परिणाम है। महेन्द्र सोनी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रवार रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान ने इस माह के लिए निर्धारित 81,01,730 लक्ष्यों के मुकाबले 88,93,346 उपलब्धियाँ दर्ज की हैं, जिससे राज्य की कुल उपलब्धि दर 114.12 प्रतिशत रही। उन्होंने बताया कि इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से राजस्थान ने अपने 41 जिलों और 62,321 आंगनबाड़ी केंद्रों के सहयोग से पोषण माह को एक जनआंदोलन के रूप में सफल बनाया है। राष्ट्रीय स्तर पर गुजरात 115.74 प्रतिशत के साथ प्रथम, राजस्थान 114.12 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा छत्तीसगढ़ 108.30 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर है।

### राज्यभर में विविध गतिविधियों का आयोजन

निदेशक आईसीडीएस वासुदेव मालावत ने यह संकल्प दोहराया कि आने वाले महीनों में भी पोषण से जुड़ी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा ताकि राजस्थान कुपोषण मुक्त राज्य बनकर देश के लिए उदाहरण प्रस्तुत कर सके। पोषण माह 2025 के दौरान राजस्थान के विभिन्न जिलों में जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता, गृह भ्रमण, पौष्टिक आहार वितरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परामर्श, और "सुपोषित राजस्थान" के लक्ष्य को साकार करने हेतु अनेक अभिनव गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

### 'वोकल फॉर लोकल' और डिजिटलीकरण पर विशेष जोर

महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार ने इस सफलता में योगदान देने वाले सभी जिला अधिकारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा सहयोगियों और स्थानीय समुदायों के प्रति आभार व्यक्त किया है। विभाग ने कहा है कि यह उपलब्धि "सुपोषित भारत, स्वस्थ भारत" के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन जिलों ने न केवल निर्धारित लक्ष्यों को पार किया बल्कि सामुदायिक सहभागिता और नवाचार के माध्यम से पोषण माह को जन-जन तक पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभाई। उदाहरणस्वरूप, जोधपुर जिले ने 134.98 प्रतिशत उपलब्धि दर के साथ राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त पर है।

## सम्पादकीय

# गठबंधन राजनीति का धर्म




आखिरकार बिहार में विपक्षी दलों के मोर्चे महागठबंधन ने राजद नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के रूप में पेश कर दिया। यह घोषणा कांग्रेस नेता अशोक गहलोत की ओर से की गई। इसी के साथ विकासशील इंसान पार्टी यानी वीआइपी के प्रमुख मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम का चेहरा घोषित किया गया। अशोक गहलोत की इस घोषणा से पता चलता है कि अभी तक ऐसा नहीं हो सका तो कांग्रेस की अनिच्छा के कारण। इस अनिच्छा से यही झलका कि कांग्रेस को अभी गठबंधन राजनीति के धर्म का मर्म जानना है। आखिर वह यह साधारण सी बात क्यों नहीं समझ सकी कि बिहार में राजद ही मुख्य विपक्षी दल है और तेजस्वी यादव उसके सर्वमान्य नेता। कांग्रेस की मानें तो उसने महागठबंधन की एकजुटता के लिए यह घोषणा की। इसका मतलब है कि इस घोषणा में देर करके उसने अभी तक अपने ही गठबंधन की एकजुटता को कमजोर करने और समर्थकों के बीच संशय फैलाने का काम किया। क्या यह अच्छा नहीं होता कि वह पहले ही तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के दावेदार के रूप पेश करने पर सहमत हो जाती और वह भी तब, जब इसकी मांग हो रही थी? क्या कांग्रेस ऐसा कुछ मानकर चल रही थी कि महागठबंधन के जीतने की सूरत में तेजस्वी यादव के अतिरिक्त अन्य कोई मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता है? उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि वह बिहार में अपनी राजनीतिक महत्ता बनाए रखने के लिए राजद पर ही निर्भर है। उसकी ऐसी ही निर्भरता अन्य राज्यों में भी वहां के क्षेत्रीय दलों पर है। जब तक वह अपने बलबूते चुनाव लडऩे की सामर्थ्य नहीं जुटा लेती, तब तक उसे उन्हें दबाव में लेने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। तेजस्वी यादव को सीएम पद का प्रत्याशी घोषित करने के साथ-साथ वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी को जिस तरह डिप्टी सीएम के रूप में आगे लाया गया, उससे उनकी राजनीतिक हैसियत का अनुमान लगता है, लेकिन उनकी पार्टी तो महज 15 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और कांग्रेस उससे चार गुने से अधिक सीटों पर।

हालांकि अशोक गहलोत ने यह कहा कि और भी डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे, पर इससे यह संदेश ओझल नहीं होता कि कांग्रेस की राजनीतिक ताकत वीआइपी से भी कम है। निःसंदेह अशोक गहलोत की घोषणा से महागठबंधन और विशेष रूप से उसका नेतृत्व कर रहे राजद को लाभ मिल सकता है, लेकिन यह कहना सही नहीं होगा कि अब इस गठबंधन में सब कुछ सही हो गया है। महागठबंधन के 10 से अधिक प्रत्याशी एक-दूसरे के सामने हैं। इस विचित्र स्थिति को मैत्री मुकाबला कहा जा रहा है। आखिर यह मैत्री मुकाबला क्या होता है? ऐसे मुकाबले से यही रेखांकित होता है कि महागठबंधन के घटकों में आपसी तालमेल और विश्वास की कमी है। यह स्वाभाविक है कि भाजपा-जदयू इस कमी को तूल देंगे।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 24 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1577 - चौथे सिख गुरु रामदास ने अमृतसर शहर की स्थापना की, शहर का नाम तालाब अमृत सरोवर के नाम पर रखा गया।
- 1579 - जेसुइट पादरी एस जे थामस भारत आने वाले पहले अंग्रेज थे,वह पुर्तग़ाली नौका से गोवा पहुंचे।
- 1605 - मुग़ल शासक जहाँगीर ने आगरा में गद्दी संभाली थी।
- 1657 - कल्याण और भिवंडी के शासन के आधीन आए।
- 1945 - द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के एक महीने बाद ही विश्व में शांति कायम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) की स्थापना की गई।
- 1946 - रॉकेट द्वारा पहली बार धरती का अंतरिक्ष से चित्र लिया गया।
- 1947 - जम्मू कश्मीर पर पाकिस्तानी कबाइलियों ने हमला किया।
- 1948 - बर्नार्ड बारूक ने सीनेट युद्ध की जांच समिति के समक्ष एक भाषण में पहली बार 'शीत युद्ध' शब्द का इस्तेमाल किया।
- 1975 - बंधुआ मजदूर प्रथा को समाप्त करने के लिए एक अध्यादेश लाया गया और अगले दिन से यह प्रभाव में आ गया।
- 1982 - सुधा माधवन मैराथन में दौडऩे वाली पहली महिला एथलीट बनी।
- 1984 - कोलकाता में एस्प्लेनेड और भवानीपुर के बीच पहली मेट्रो ट्रेन (भूमिगत ट्रेन) शुरु।
- 2000 - दक्षिण कोरिया द्वारा लम्बी दूरी की मिसाइलों का परीक्षण न करने की घोषणा।
- 2001 - नासा के 2001 मार्स ओडिसी अंतरिक्ष यान ने सफलतापूर्वक मंगल ग्रह के चारों ओर कक्षा में प्रवेश किया।
- 2004 - ब्राजील ने अंतरिक्ष में पहला सफल राकेट परीक्षण किया।
- 2005 - न्यूजीलैंड-भारत नया हवाई सेवा समझौता करने पर सहमत।
- 24 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति
- 1974 - अनुराग ठाकुर - जानेमाने भारतीय राजनीतिज्ञ व भारतीय जनता पार्टी के नेताओं में से एक हैं।

## विशेष आलेख

# त्योहारों से आगे की सच्चाई: भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण सालभर का संकट



डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत के अधिकांश शहरों में वायु प्रदूषण को गलत रूप से एक मौसमी या त्योहार-केन्द्रित समस्या समझा जाता है। दिवाली या सर्दियों के बाद यह चर्चा गायब हो जाती है, जबकि प्रदूषण के स्रोत - वाहन, उद्योग, निर्माण धूल, और पराली जलाना - पूरे वर्ष सक्रिय रहते हैं। इस अस्थायी सोच के कारण नीतियाँ भी प्रतिक्रियात्मक बन जाती हैं। भारत को स्वच्छ ऊर्जा, सार्वजनिक परिवहन, सतत कृषि, औद्योगिक सुधार और नागरिक सहभागिता को जोडक़र एक दीर्घकालिक, वैज्ञानिक और व्यवहार-आधारित रणनीति अपनानी होगी ताकि स्वच्छ हवा सभी का अधिकार बन सके।

भारतीय शहरों में वायु प्रदूषण आज केवल पर्यावरण की समस्या नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता से जुड़ा गहन संकट बन चुका है। हर वर्ष जब सर्दियाँ आती हैं या दिवाली का पर्व नज़दीक होता है, तब देश भर में वायु प्रदूषण पर अचानक चर्चाएँ तेज़ हो जाती हैं। समाचार चैनल, अख़बार और सोशल मीडिया पर धुंध और स्मॉग की तस्वीरें छा जाती हैं। कुछ हफ्तों के लिए लोग मास्क पहनते हैं, सरकारें आपात योजनाएँ बनाती हैं और फिर धीरे-धीरे यह विषय भूल जाता है। यही प्रवृत्ति—जिसमें प्रदूषण को केवल कुछ दिनों की मौसमी समस्या माना जाता है—वास्तव में सबसे बड़ी गलती है। क्योंकि वायु प्रदूषण भारत में कोई त्योहारों तक सीमित या अस्थायी समस्या नहीं, बल्कि पूरे वर्ष चलने वाली बहु-स्रोत और बहु-क्षेत्रीय चुनौती है।

भारत के अधिकांश शहरों में हवा की गुणवत्ता सालभर ख़राब बनी रहती है। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट वर्ष 2024 के अनुसार, दुनिया के दस सबसे प्रदूषित शहरों में से नौ भारत में हैं, जिनमें दिल्ली, गाजियाबाद, भिवाड़ी, फरीदाबाद और लुधियाना प्रमुख हैं। दिल्ली का औसत पीएम 2.5 स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की सीमा से अठारह गुना अधिक पाया गया। यदि इसे केवल दिवाली के समय पटाखों से जोड़ दिया जाए, तो यह वास्तविक समस्या की गहराई को छिपा देता है। प्रदूषण के मुख्य कारण वर्षभर सक्रिय रहते हैं—वाहनों से निकलने वाला धुआँ, उद्योगों के उत्सर्जन, निर्माण कार्य की धूल, कचरा और पराली का दहन, थर्मल पावर संयंत्रों से निकलते गैस कण, और घरेलू ईंधनों का प्रयोग।

समस्या को केवल मौसमी मान लेने से नीतियाँ भी प्रतिक्रियात्मक हो जाती हैं। सरकारें तब सक्रिय होती हैं जब प्रदूषण चरम पर पहुँच जाता है। कुछ दिनों के लिए स्कूल बंद कर दिए जाते हैं, वाहनों के लिए ऑड-ईवन योजना लागू होती है, पटाखों पर रोक लगाई जाती है या निर्माण गतिविधियों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाता है। ये कदम अस्थायी राहत तो देते हैं, परंतु मूल कारणों को नहीं मिटाते। जैसे ही मौसम बदलता है, सारी नीतियाँ ठंडी पड़ जाती हैं। यह दृष्टिकोण समस्या को टालने का है, हल करने का नहीं। वायु प्रदूषण का प्रभाव केवल कुछ हफ्तों तक सीमित नहीं रहता। यह पूरे वर्ष हमारे शरीर पर असर डालता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत में हर साल लगभग सत्रह लाख लोगों की अकाल मृत्यु वायु प्रदूषण से होती है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के एक अध्ययन में पाया गया कि दिल्ली में बच्चों में अस्थमा, एलर्जी और फेफड़ों की बीमारियों के मामलों में पूरे वर्ष दस से पंद्रह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह सिद्ध करता है कि प्रदूषण का दुष्प्रभाव मौसमी नहीं, स्थायी है।

इसके साथ ही यह अर्थव्यवस्था को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है। विश्व बैंक की 2023 की रिपोर्ट बताती है कि भारत को हर वर्ष वायु प्रदूषण के कारण सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक दशमांश से अधिक नुकसान होता है। कार्य दिवसों की हानि, स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि, उत्पादकता में कमी और चिकित्सा भार में बढ़ोतरी से देश की आर्थिक प्रगति प्रभावित होती है। यदि वायु प्रदूषण के स्रोतों की बात की जाए, तो परिवहन क्षेत्र इसका सबसे बड़ा कारण है। भारत में करोड़ों वाहन सडक़ों पर हैं, जिनमें अधिकांश पेट्रोल या डीज़ल पर चलते हैं। पुराने ट्रक और बसें भारी मात्रा में धुआँ छोड़ती हैं। छोटे वाहनों की संख्या इतनी अधिक है कि उनके उत्सर्जन से हवा में नाइट्रोजन ऑक्साइड और सूक्ष्म कणों की मात्रा लगातार बढ़ती जा रही है। औद्योगिक क्षेत्र भी प्रदूषण में बड़ा योगदान देता है। कई छोटे और मध्यम उद्योग अभी तक स्वच्छ ईंधन का उपयोग नहीं करते। पुराने बॉयलर और कोयले पर आधारित संयंत्र सल्फर डाइऑक्साइड और धात्विक कण उत्सर्जित करते हैं। निर्माण कार्यों से उठने वाली धूल भी बड़े पैमाने पर प्रदूषण फैलाती है। सडक़ों पर खुली मिट्टी, निर्माण सामग्री का खुले में ढेर, और बिना आवरण के ट्रकों द्वारा रेत और सीमेंट का परिवहन हवा में कण फैलाता है। इसी तरह, हर साल पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की घटनाएँ उत्तर भारत के शहरों की हवा को जहरीला बना देती हैं। शोध बताते हैं कि पराली जलाने से दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण के स्तर में 30 से 40 प्रतिशत तक की वृद्धि होती है।

घरेलू ईंधन जैसे लकड़ी, कोयला या गोबर केक जलाने से भी खासकर गरीब परिवारों में प्रदूषण का स्तर बहुत बढ़ जाता है। कोयला आधारित बिजली संयंत्र अभी भी देश की ऊर्जा का लगभग साठ प्रतिशत हिस्सा देते हैं, और इनमें से कई पुराने संयंत्र प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों के बिना चल रहे हैं। इन सभी स्रोतों पर नियंत्रण के लिए आवश्यक है कि नीति और शासन में दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाया जाए। केंद्र, राज्य और नगर निकायों के बीच समन्वय की कमी आज भी एक बड़ी बाधा है। कई शहरों में वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र तक नहीं हैं, जिससे वास्तविक आंकड़े उपलब्ध नहीं हो पाते। जन-जागरूकता का स्तर भी बेहद कम है। नागरिक प्रदूषण को केवल खराब वायु के दिनों से जोड़ते हैं, न कि इसे अपनी दैनिक जिम्मेदारी मानते हैं। जब तक समाज में यह चेतना नहीं आएगी कि स्वच्छ हवा सबकी साझी जिम्मेदारी है, तब तक किसी नीति का पूरा प्रभाव नहीं दिखेगा। भारत ने वर्ष 2019 में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम शुरू किया, जिसका उद्देश्य 2026 तक प्रमुख शहरों में प्रदूषण के स्तर को 40 प्रतिशत तक घटाना है। यह एक सराहनीय पहल है, परंतु इसे केवल बजटीय घोषणा न बनाकर, सख़्त निगरानी और स्थानीय क्रियान्वयन के साथ लागू करना होगा। हर शहर की भौगोलिक और औद्योगिक स्थिति अलग है, इसलिए एक समान नीति के बजाय शहर-विशिष्ट कार्ययोजना बनानी होगी।

# नए आईटी रूल्स: डिजिटल समाज में सुरक्षा और विश्वास की नई राह



सुनील कुमार महला

*वास्तव में, इन सभी जोखिमों को ध्यान में रखते हुए, और व्यापक सार्वजनिक चर्चाओं और संसदीय विचार-विमर्श के बाद, हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईटी नियम, 2021 में संशोधन का एक मसौदा(ड्राफ्ट) तैयार किया है।*

आज हमारे देश में जनरेटिव एआई(ऐसी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) तकनीक है जो नई चीज़ें 'बनाने' की क्षमता रखती है- जैसे कि पाठ (टेक्स्ट), चित्र (इमेजेज), संगीत, वीडियो या कोड आदि) उपकरणों की बढ़ती उपलब्धता और इसके परिणामस्वरूप कृत्रिम रूप से उत्पन्न जानकारी (डीपफेक) के प्रसार के साथ, उपयोगकर्ता को नुकसान पहुंचाने, गलत सूचना फैलाने, चुनावों में हेरफेर करने या व्यक्तियों का प्रतिरूपण करने के लिए ऐसी प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग की संभावना काफी बढ़ गई है। वास्तव में, इन सभी जोखिमों को ध्यान में रखते हुए, और व्यापक सार्वजनिक चर्चाओं और संसदीय विचार-विमर्श के बाद, हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आईटी नियम, 2021 में संशोधन का एक मसौदा(ड्राफ्ट) तैयार किया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि सरकार द्वारा डीपफेक पर लगाम को लेकर आइटी नियमों में संशोधन का जो प्रस्ताव पेश किया गया है, वह स्वागत योग्य है। स्वागत योग्य इसलिए, क्यों कि अब नये नियमों के तहत सोशल मीडिया पर मनमानी नहीं चलेगी। गौरतलब है कि सरकार ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब आदि के लिए कंटेंट हटाने के नियमों को अब सख्त कर दिया है?।अब कोई भी जूनियर ऑफिसर अपनी मजऱ्ी से किसी भी पोस्ट या वीडियो को हटाने का आदेश नहीं दे पाएगा?। इस क्रम में भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आइटी नियम, 2021 के एक अहम नियम 3(1)(डी) में बड़े व व्यापक संशोधन किए हैं। इसके तहत अब एआई कंटेंट पर 'लेबल' लगाना होगा। दूसरे शब्दों में कहें तो नए नियमों के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को एआई-जनरेटेड कंटेंट पर 'लेबल' और स्पष्ट पहचान चिह्न लगाना अनिवार्य होगा। पाठकों को बताता चलूं कि इस ड्राफ्ट (मसौदे) को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया है। दरअसल,अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को एआई या सिंथेटिक कंटेंट को स्पष्ट रूप से चिह्नित करना होगा, ताकि यूजर असली और नकली सामग्री में फर्क कर सकें। गौरतलब है कि प्रस्तावित संशोधन के अनुसार, फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स (पूर्व में ट्विटर) जैसे बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अब यह सुनिश्चित करना होगा कि यदि कोई कंटेंट एआई या कंप्यूटर-जनित है, तो उस पर लेबल या मार्कर लगाया जाए। जानकारी के अनुसार यह लेबल विजुअल कंटेंट में कम से कम 10 फीसदी हिस्से पर दिखाई देना चाहिए, जबकि ऑडियो में शुरुआती 10 फीसदी अवधि तक सुनाई देना जरूरी होगा। साथ ही, प्लेटफॉर्म्स को यह भी जांच करनी होगी कि यूजर द्वारा अपलोड किया गया कंटेंट असली है या सिंथेटिक। इसके लिए तकनीकी उपाय अपनाने और यूजर से 'डिक्लेरेशन' लेना अनिवार्य होगा। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि इस प्रस्ताव का सीधा असर उन सोशल मीडिया यूजर पर पड़ेगा, जो फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) कंटेंट बनाने वाले किसी भी ऐप या वेबसाइट का यूज करते हैं।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



राजेश खन्ना
(अभिनेता)

राजेश खन्ना (जन्म- 29 दिसम्बर 1942 - मृत्यु- 18 जुलाई 2012) एक भारतीय बॉलीवुड अभिनेता, निर्देशक व निर्माता थे।उन्होंने कई हिन्दी फि़ल्में बनायीं और राजनीति में भी प्रवेश किया। वे नई दिल्ली लोक सभा सीट से पाँच वर्ष 1991-96 तक कांग्रेस पार्टी के सांसद रहे। बाद में उन्होंने राजनीति से सन्यास ले लिया।

उन्होंने कुल 180 फि़ल्मों और 163 फीचर फि़ल्मों में काम किया, 128 फि़ल्मों में मुख्य भूमिका निभायी, 22 में दोहरी भूमिका के अतिरिक्त 17 छोटी फि़ल्मों में भी काम किया। व तीन साल 1969-71 के अंदर 15 ह्यशह्यश हिट फि़ल्मों में अभिनय करके बॉलीवुड का सुपरस्टार कहे जाने लगे। उन्हें फि़ल्मों में सर्वश्रेष्ठ अभिनय के लिये तीन बार फिल्म फेयर पुरस्कार मिला और 14 बार मनोनीत किया गया। बंगाल फिल्म जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा हिन्दी फि़ल्मों के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी अधिकतम चार बार उनके ही नाम रहा और 25 बार मनोनीत किया गया। 2005 में उन्हें फि़ल्मफेयर का लाइफटाइम अचीवमेण्ट अवार्ड दिया गया। राजेश खन्ना हिन्दी सिनेमा के पहले सुपर स्टार थे। 1966 में उन्होंने आखिरी खत नामक फि़ल्म से अपने अभिनय की शुरुआत की। राज़, बहारों के सपने, आखिरी खत - उनकी लगातार तीन कामयाब फि़ल्में रहीं और बहारों के सपने पूर्णतः असफल हुई। उन्होंने 1966-1991 में 74 स्वर्ण जयंती फि़ल्में की। उन्होंने 1966-1991 में 22 रजत जयंती फि़ल्में किया। उन्होंने 1966-1996 में 9 सामान्य हित्त फि़ल्म किया। उन्होंने 1966-2013 में 163 फि़ल्म किया और 105 हिट रहे।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# त्योहारों में जमकर खाई मिठाई-पकवान? इन 5 तरीकों से करें बॉडी को डिटॉक्स, पेट की सारी गंदगी होगी साफ

त्योहारों का बेसब्री से इंतजार हर किसी को रहता है। त्योहारों के मौके पर घरों में पूड़ी-कचौड़ी, समोसे, पकौड़े और तरह-तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। उत्सव की खुशियों में मिठाइयां और तरह-तरह के पकवान लोग खूब चाव से खाते हैं। लेकिन स्वाद के चक्कर में कई बार हम जरूरत से ज्यादा खा लेते हैं, जिसका सीधा हमारे पाचन तंत्र पर पड़ता है। इन पकवानों में बहुत अधिक कैलोरी, चीनी और घी होता है, जो पाचन पर भारी पड़ सकता है। अगर आप भी त्योहारों के बाद थकान, भारीपन और ब्लोटिंग महसूस कर रहे हैं, तो अब आपको जरूरत है बॉडी डिटॉक्स करने की। अगर आपने भी दिवाली में ओवरईटिंग की है और अब बॉडी को डिटॉक्स करना चाहते हैं, तो हम आपको कुछ आसान टिप्स को अपना सकते हैं।

**दिन की शुरुआत पानी से करें** :त्योहारों में खाए गए तले, मीठे और मसालेदार खाने से शरीर में टॉक्सिन्स जमा हो जाते हैं। ऐसे में, इन्हें बाहर निकालने का सबसे आसान तरीका है पानी। सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुना पानी पिएं। आप चाहें तो उसमें थोड़ा नींबू या शहद मिला लें। दिनभर में 8 से 10 गिलास पानी जरूर पिएं, इससे शरीर अंदर से साफ रहेगा और एनर्जी बनी रहेगी।

**हल्का और सादा भोजन खाएं** : त्योहारों में भारी खाने के बाद कुछ दिन तक अपने पाचन को आराम देना जरूरी है। कोशिश करें कि आप सादा और हल्का भोजन लें, जैसे खिचड़ी, दाल-चावल, सूप या उबली सब्जियां। ये जल्दी पच जाते हैं और पेट को राहत देते हैं। साथ ही, अगर हो सके तो रात में लाइट डिनर लें और जल्दी खाएं। फल, हरी सब्जियां और सलाद जैसे फाइबर वाले फूड्स शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी यश और कीर्ति बढ़ेगी, जो आपको खुशी देगी। राजनीति में आपको कोई पुरस्कार आदि भी मिल सकता है।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा, इसलिए आप कामों में कोई बदलाव न करें और आपके परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। बौद्धिक व मानसिक बोझ से आपको छुटकारा मिलेगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी और आपको जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। भाई व बहनों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपके परिवार में प्रॉपर्टी को लेकर कोई लड़ाई-झगड़ा छिड़ सकता है। आप अपने कामों में थोड़ा सोच-समझकर बदलाव करें।

**सिंह**
आज आपका बिजनेस की कोई पुरानी समस्या फिर से उभरेगी। परिवार में लोग आपकी किसी बात का बुरा मान सकते हैं। माताजी की सेहत को लेकर आप थोड़ा एहतियात बरतें।

**कन्या**
आज का दिन कामकाज के मामले में थोड़ा कमजोर रहने वाला है। आपके मन में उथल-पुथल रहने से कोई काम बिगड़ सकता है। आपको उधार दिया हुआ धन भी मिल सकता है। यदि आपने किसी लोन को अप्लाई किया।

**तुला**
आज आपको अपने आसपास रह रहे शत्रुओं से थोड़ा सचेत रहना होगा। बिजनेस के किसी काम को लेकर आप कहीं बाहर जा सकते हैं और आपके खर्च बढऩे से आपकी टेंशन बढ़ेगी, लेकिन आप अपनी इनकम को थोड़ा ध्यान में रखकर ही आगे बढ़ें।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आपकी कार्य कुशलता भी बेहतर रहेगी। परिवार के सदस्यों के साथ आप आनंदमय समय व्यतीत करेंगे और प्रेम जीवन जी रहे लोगों

**धनु**
आज आपकी सेहत थोड़ी कमजोर रहेगी, क्योंकि कोई गले से संबंधित समस्या आपकी टेंशनों को बढ़ा सकती है, लेकिन विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको अपने दोस्तों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए नई-नई समस्याएं खड़ी कर सकता है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। कार्य क्षेत्र में यदि कोई समस्या है, तो उसे लेकर आप अपने किसी सीनियर से सलाह अवश्य लें।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्य क्षेत्र में आपको सहकर्मियों का पूरा साथ मिलेगा। आपकी किसी पुरानी गलती से पर्दा उठ सकता है, जिससे आपके प्रमोशन पर रोक लग सकती है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। यदि आपको काम को लेकर कोई नया ऑर्डर आए, तो आप उसे पूरा करने की पूरी कोशिश करें। किसी कानूनी मामले में आप अपनी आंख और कान खुले रखें।

## राजयोग भवन में मनाया भाई दूज का त्यौहार

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)** । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा टोंक के राजयोग भवन में भाई दूज का त्यौहार हर्षोंल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा भाई-बहनों के आत्मिक स्मृति का तिलक लगाकर उनके दीर्घायु एवं मंगलमय जीवन की कामना की। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अपर्णा दीदी ने सभी को भाई दूज की शुभकामना देते हुए कहा कि भाई दूज केवल भाई एवं बहन के शारीरिक रिश्ते का त्यौहार ही नहीं है, बल्कि यह दो आत्माओं के स्नेह, सम्मान एवं पवित्र प्रेममय संबंध का प्रतीक है। यह पर्व आत्मिक स्मृति एवं ईश्वरीय प्रेम का गहरा संदेश भी देता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि असली संबंध शरीर से नहीं, बल्कि आत्मा से होता है। जब आत्मा प्रेम एवं शक्ति के सागर परमात्मा जुड़ती है, तो उस ईश्वरीय शक्ति से हमारे रिश्तों में सच्चा प्रेम, सम्मान एवं शक्ति भर जाती है। अर्थात परमात्म प्रेम ही वह ऊर्जा है, जो भाई-बहन या किसी भी आत्मिक संबंध को मजबूत बनाता है। इस अवसर पर भाजपा नेता ओम प्रकाश गुप्ता का 70 वां जन्मोत्सव भी मनाया गया। गुप्ता ने ब्रह्माकुमारी दीदियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व में शांति लाने एवं भारत को विश्व गुरु बनाने का दृढ़ संकल्प लेकर ब्रह्माकुमारी बहनों के निरंतर प्रयास को देश की राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री मोदी भी सहराना करते है। ऐसी राजयोगिनी बहनों का जन्म दिवस पर आशीर्वाद मिलना, जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से भर देता हैं, जो श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं। इस मौके पर पुरानी टोंक सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ऋतु दीदी, राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी गुंजन दीदी, बीके पांचू भाई, बीके प्रहलाद भाई, बीके प्रकाश भाई, खेमचंद आहूजा सहित संस्थान से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।

## ''युवा सशक्तिकरण'' परियोजना के तहत तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण आरंभ

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)** ।शिव शिक्षा समिति रानोली द्वारा एमपावर के सहयोग से संचालित ''युवा सशक्तिकरण'' परियोजना के तहत युवा सलाहकार परिषद के सदस्यों का तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण 23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस भ्रमण दल को शिव शिक्षा समिति कार्यालय टोंक से डॉ. शिवजीराम यादव ने हरी झंडी दिखाकर उदयपुर के लिए रवाना किया। परियोजना अधिकारी पूनम जोनवाल ने बताया कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं पारस्परिक सीखने की भावना को बढ़ावा देना है। साथ ही यह भ्रमण उदयपुर स्थित उन संस्थाओं के कार्यों को समझने का अवसर प्रदान करेगा, जो किशोरियों एवं युवाओं के अधिकारों व सशक्तिकरण पर काम कर रही हैं। कार्यक्रम समन्वयक सीताराम शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय भ्रमण के दौरान प्रतिभागी उदयपुर की संस्थाओं से संवाद करेंगे तथा शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों कृ सिटी पैलेस, पिछोला झील, लेक पैलेस, सज्जनगढ़ पैलेस, जगदीश मंदिर एवं फतेह सागर झील का भी भ्रमण करेंगे। साथ ही यात्रा की शुरुआत साँवरिया सेठ के दर्शन से की गई। इस दौरान शैक्षणिक भ्रमण में संस्था के कार्यकर्ता लोकेश सैनी, बिना बैरवा एवं प्रमिला नागर आदि किशोरियाँ मौजूद थी।

## केदार शर्मा की दो पुस्तकों का विमोचन 26 अक्टूबर को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)** । अखिल भारतीय साहित्य परिषद शाखा टोंक इकाई द्वारा केदार शर्मा की दो पुस्तकों का विमोचन एंव परिचर्चा कार्यक्रम 26 अक्टूबर रविवार को दोपहर 12 बजे जिला परिषद सभागार टोंक में किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर सूरज सिंह नेगी मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम में अ. भा. सा. प. टोंक के सदस्य एवं स्थानीय साहित्यकार भाग लेंगे। केदार शर्मा की कहानी संग्रह राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर के आर्थिक सहयोग से वह अधूरी कहानी एवं व्यंग्य संग्रह हर कहीं फैलता रहता प्रकाशित हुए हैं।

## नगर फोर्ट पर भाई दूज का त्योहार बड़े हर्षोल्लास से मनाया

बढ़ता राजस्थान

टोंक/ नगर फोर्ट (कमलेश गौतम)। तहसील मुख्यालय नगर फोर्ट पर भाई दूज का त्योहार बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। भाई दूज के त्योहार पर महिलाओं ने पूजा अर्चना कर भाइयों के लिए दुआ मांगी साथ ही बहनों ने भाइयों के तिलक लगाकर भाइयों की लंबी उम्र के लिए दुआ की क्षेत्र में दिवाली का त्यौहार गोवर्धन पूजा और भाई दूज शांतिपूर्ण और सोहर पूर्ण वातावरण में मनाया गया

## राजपूत समाज द्वारा जुझार जी महाराज के किया सत्संग एवं महाप्रसादी का वितरण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (पुरूषोत्तम जोशी)**। दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि ग्राम पंचायत पलेई में राजपूत समाज द्वारा जुझार जी महाराज के स्थान पर सामूहिक भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें जुझार जी महाराज की झांकी सजाई गई भजन मंडली द्वारा सुंदरकांड का पाठ एवं भजन प्रस्तुत किए गए जिसमें श्रद्धालु भजनों पर नृत्य करने लगे और महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर गायक जयसिंह चौहान गुरुजी गोविंद सिंह चौहान भंवर सिंह चौहान हितेश सिंह चौहान गोपाल सिंह चौहान सरदार सिंह सुरेंद्र सिंह चौहान जगजीत सिंह चौहान हिम्मत सिंह आशुतोष सिंह दीपेंद्र सिंह शंकर सिंह जीतू बना कन्नू सुरेंद्र आदि उपस्थित थे ।

## चातुर्मास निष्ठापन एवं पिच्छिका परिवर्तन का आयोजन

**टोडारायसिंह,टोंक**(उमाशंकर शर्मा)। कस्बे के पदम प्रभु जिनालय में 20 वां सुंदर विजय पावन वर्षा योग 2025 चातुर्मास निष्ठापन एवं पिच्छिका परिवर्तन का गुरुवार को आयोजन किया गया। चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन ने बताया कि पदम प्रभु जिनालय में चातुर्मास कर रहे परम पूज्य चारित्र महोदधि आर्यिका 105 श्री विष्णु प्रभा माताजी का गुरुवार को भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह दोपहर में पदम प्रभु जिनालय में आयोजित हुआ। पिच्छिका परिवर्तन के अवसर पर गुरु भक्तों के साथ अर्ध समर्पण कर पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट, वस्त्र भेंट, गुरु मां की आरती कर सामूहिक सकल वैश्य समाज का वात्सल्य भोजन ग्रहण किया गया। इस दौरान जैन धर्मावलंबी महिलाएं पुरुष युवा बालक बालिकाएं सहित सकल जैन समाज के सैकड़ों धर्मावलंबी उपस्थित रहे।

### दीपोत्सव पर चांद सितारो ने किया मालपुरा की धरती का श्रंगार

# अन्नकूट महोत्सव हुए आयोजित, भाईदूज के साथ दीपोत्सव का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)**। मालपुरा में इस बार आयोजित छः दिवसीय दीपोत्सव के दौरान नगरपालिका मालपुरा द्वारा कराई रोशनी से ऐसा जगमग हुआ जैसे चांद सितारो ने मालपुरा की धरती को रोशन किया हो।

इस बार दीपोत्सव की शुरूआत शुक्रवार को धनतेरस के दिन से हुई। इस दिन बाजारो में जमकर खरीददारी होने से जमकर धन बरसने से दुकानदारो के चेहरे खिले। वहीं रविवार को रूप चतुर्दशी के बाद सोमवार को धन व यश की देवी महालक्ष्मी का पूजन हुआ। इसकी तैयारी में लोग दिन भर जुटे रहे। शाम के समय शुभ मुहर्त पर घर परिवार के सभी सदस्यो ने एक साथ बैठकर धन व यश की देवी महालक्ष्मी की पूजा कर महाआरती की। इसके बाद आतिशबाजी का दौर शुरू हुआ जो देर रात्रि तक जारी रहा। गत वर्ष की तरह इस बार भी मंगलवार का दिन खाली रहा। वहीं बुघवार को परम्परा के अनुसार महिलाओ ने भगवान गोवर्धन की पूजा कर घर परिवार में सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की। वहीं शाम को ग्रामीण अंचलो में बेलो के स्थान पर किसानो ने ट्रेक्टरो




की पूजा की। इसके अलावा परम्परा के अनुसार इसी दिन ठाकुर जी के नए धान का भोग अन्नकूट महोत्सव के रूप में लगाया गया। शहर के अधिकतर मन्दिरो में अन्नकूट ्रप्रसादी का वितरण होने के अलावा पंगत प्रसादी का भी आयोजन किया गया। वहीं दीपोत्सव के अन्तिम दिन गुरूवार को भैया दूज के पर्व पर महिलाओ ने पूजा अर्चना की। साथ ही बहिनो ने अपने अपने भाई के सिर पर तिलक कर जीवन पर भर स्नेह बनाए रखने, रक्षा करने एवं भाई की दीर्घायु की कामना की।

### जमकर हुई आतिशबाजी

रिकार्ड महंगाई के बावजूद दिपोत्सव पर आतिशबाजी की परम्परा का जमकर आनन्द लिया। लोगो ने धनतेरस के दिन से ही आतिशबाजी करनी शुरू की जो गोवर्धन पूजा के शाम तक जारी रही। । वहीं आतिशबाजी का दौर शनिवार को शहर व गांवो में भी जमकर हुआ।

### केबिनेट मंत्री ने की रामाश्यामा

प्रदेश के केबिनेट जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी बुधवार को मालपुरा पहुंचे। इस दौरान पुरानी तहसील स्थित बारादरी बालाजी मन्दिर में भाजपा पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर दिपावली की रामा श्यामा कर बधाई दी। इसके बाद शहर के मुख्य बाजारो में पैदल भ्रमण कर दुकानदारो और शहरवासियो से रामा श्यामा कर दिपोत्सव की बधाई दी। सजावट व रोशनी ऐसी कि जैसे मालपुरा का श्रंगार चांद सितारो ने किया हो :- नगरपालिका मालपुरा के अधिशासी अधिकारी हंसराज जाट ने बताया कि जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के निर्देशानुसार मालपुरा शहर में दिपोत्सव पर आकर्षक सजावट व दूधिया रोशनी से शहर को रोशन किया। इसके अलावा व्यास सर्किल पर एक और सुभाष सर्किल पर विशालकाय दो तोरण द्वार बनाए गए। वहीं हिन्द समरसता मंच के तत्वावधान में दिपोत्सव के दौरान रात्रि में गांधी पार्क व सुभाष सर्किल पर विरोट संध्या का आयोजन भी हुआ।

## दीपोत्सव सम्पन्नः रोशनी से नहाया शहर,गूंजे गिर्राज महाराज के जयकारे, मनाई भाई दूज

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)**। पांच दिवसीय दीपोत्सव का मुख्य त्योहार दीपावली उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर समूचा शहर जहां रोशनी से जगमगा उठा। वहीं घरों और प्रतिष्ठानों में परम्परा के अनुसार लक्ष्मी मां की पूजा की गई। रंगोली और मांडणों से सजे-संवरे घर-आंगन दीपों और रंगीन बल्बों की झालरों की रोशनी से जगमग रहे। वहीं आतिशबाजी से अमावस की रात में आकाश सतरंगी रोशनी से दमक उठा।

उधर बुधवार को महालक्ष्मी से सुख और वैभव की मनौती के बाद धन-धान्य की प्रकोपों से रक्षा की कामना के लिए भगवान कृष्ण के गिरिराजधरण स्वरूप गोवर्धन महाराज की पूजा कुटुम्ब परिवार के साथ जोर शोर से की गई। इस दौरान गली-मोहल्लों में गिर्राज महाराज के जयकारों की गूंज से



वातावरण भक्तिमय हो गया।

शहर के विभिन्न कॉलोनियों और घरों के आंगनों में गाय के गोबर से भगवान कृष्ण के गिरिराजधरण स्वरूप की मूरतें बनाई गईं। इन्हें ओंगा, कोडियों, खीलों और फूलों से सजाया गया। शाम करीब 6 बजे से शुरू हुई पूजा का दौर देर रात तक चला। पूजा के बाद आतिशबाजी से आकाश सतरंगी रोशनी से जगमगा उठा, जिससे दीपोत्सव की रौनक और बढ़ गई।

### ग्रामीण अंचलों में भी रही श्रद्धा की छटा

ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही गोवर्धन पूजा का सिलसिला शुरू हो गया। पशुपालकों ने गोवंश की पूजा कर भगवान कृष्ण के स्वरूप में गोवर्धन भगवान की आराधना की।

### सात कोसी परिक्रमा की परंपरा निभाई

पूजा के दौरान मानसी गंगा और गोवर्धन की सात कोसी परिक्रमा की परंपरा निभाते हुए लोगों ने मूरत की सात बार परिक्रमा की। इस दौरान श्रीहरदेव गिरवर की परिक्रमा देओ, कुण्ड-कुण्ड चरणामृत लेओ की स्वरहरियों से शहर गुंजायमान हो गया। दीपोत्सव का समापन गुरुवार को भाई दूज से हुआ। इस दौरान महिलाओं ने भाई दूज की कहानी सुनकर अपने भाइयों के तिलक लगाकर दीर्घायु की कामना की वहीं भाइयों ने भी अपनी बहनों को उपहार बैठकर रक्षा वचन का वादा किया।

## घांस भैरू की निकाली सवारी

बढ़ता राजस्थान

टोंक (पुरूषोत्तम जोशी) । लोक देवता घांस भैरू की सवारी गुरूवार को ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई। काला बाबा क्षेत्र स्थित पुरानी टोंक से पूजा-अर्चना के बाद घांस भैंरू की सवारी रवाना हुई, जो सब्जी मंडी होती हुई घंटाघर सर्किल पहुंची, जहां घांस भैंरू की पूजा-अर्चना कर घंटाघर पहुंचकर महिला-पुरूषों, युवक-युवतियां, बच्चों ने मत्था टेककर तेल चढ़ाकर धार चढ़ाई। इस अवसर पर जुलूस में महिलाऐं नाचती गाती चल रही थी। घांस भैरू की सवारी घंटाघर से होती हुई मेंहदवास गेट संघपुरा, बाबरों का चौक, पुरानी टोंक महाराणा प्रताप बाजार होते हुए वापस माणक चौक पहुंचकर विसर्जन हुआ।

## छपप्पन जी के मंदिर से निकली घाँस भेरू की सवारी

बढ़ता राजस्थान

उनियारा/टोंक (आनंद गौतम)। नगर रक्षक कोतवाल स्वरूप घाँस भेरू की सवारी धूम धाम से निकाली गई। सवारी मुख्य बाजार, रघुनाथ मंदिर, कटला बाजार होती हुई भूतेश्वर गेट स्थित महादेव मंदिर पर जा कर विसर्जित हुई इस दौरान लोगो मे सवारी को खीचने के लिए होड़ मची रही। सवारी का नगर के महिला पुरषों द्वारा जगह जगह फूल माला प्रशाद चढ़ा कर पूजन किया गया। वही सूरा प्रेमी भक्तो द्वारा सूरा की धार भी चढ़ाई गई.

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद की आशा नामा प्रबल दावेदार

### नामा के नाम पर अन्तिम मोहर लगने की प्रतीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)**। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं पूर्व महिला कागे्रंस प्रदेश व जिला पदाधिकारी आशा नामा का नाम भारी चर्चा में है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस संगठन द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस संगठन के निर्देशानुसार कांग्रेस सर्जन अभियान संचालित किया। इस अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षो के चयन हेतु राय शुमारी करने के प्रदेश के सभी ब्लाक में रायशुमारी बैठको का आयोजन हुआ। इसके लिए अखिल भारतीय एवं प्रदेश संगठन की ओर से प्रत्येक ब्लाक के लिए अलग अलग पर्यवक्षक मनोनीत किए गए। सभी पर्यवक्षक अपने अपने प्रभार वाले जिलो के ब्लाक में पहुंच कर आम कांगे्रसजनो से रायशुमारी के साथ साथ जिलाध्यक्ष पद के लिए इच्छुक उम्मीदवारो से आवेदन पत्र भी प्राप्त किए। इसी कड़ी में मालपुरा ब्लाक की बैठक आयोजित हुई। जिसमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए आवेदन लेने के अलावा आम कागे्रसजनो से रायशुमारी की गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद को लेकर अब तक काफी चर्चा हो रही है। जिला मुख्यालय से भी छनकर खबरे पहुंच रही है। इसी कड़ी में मालपुरा ब्लाक सहित सम्पूर्ण जिले के कांगे्रसजनो की रायशुमारी को जाने को सामने यही आता है कि यदि कांगे्रस संगठन की ओर से टोंक जिलाध्यक्ष का पद किसी महिला अथवा अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला के खाते में दिया जाता है तो उसमें सबसे ऊपर नाम पूर्व चेयरमेन एवं महिला कागे्रंस प्रदेश व जिला पदाधिकारी आशा नामा का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। कांगे्रसजनो का मानना यही है कि कांग्रेस के अखिल भारतीय एवं प्रदेश स्तरीय संगठन के सूत्रो की माने तो टोंक जिला कागे्रस के जिलाध्यक्ष पद के लिए आशा नामा का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। इसका मुख्य कारण यह माना जा रहा है कि आशा नामा प्रारम्भ से ही कांगे्रस से जुड़ रही है। अब तक संगठन में कई पदो को संभाल चुकी है।

### कई बार ट्रेन के साथ हवा में उड़ते हैं ये रैपर

# गुटका और चिप्स खाने से लेट हो सकती है ट्रेन, रेलवे मंत्रालय की जांच से हुआ खुलासा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर(नि.स.)**। आपको सुनने में भले ही यह अजीबोगरीब लगे कि गुटखा और चिप्स खाने से भी कभी कोई ट्रेन लेट हो सकती है क्या? शायद आपका जवाब नहीं होगा, लेकिन रेल मंत्रालय की एक जांच में यह खुलासा हुआ है कि आपकी जो सोच नकारात्मक थी वह गलत साबित हुई है!



जी हां! जांच की रिपोर्ट की मानें तो ट्रेन से सफर के दौरान कई लोग गुटका तो कई चिप्?स खाते हैं और उसका पाउच विंडो से बाहर फेंक देते हैं। कई आर आप की ट्रेन के लेट होने के वजह यही बनते हैं। यह खुलासा रेल मंत्रालय की एक जांच से हुआ है!

यूं तो ट्रेन का सफर काफी मजेदार होता है। रास्ते में खाना खाते और बाहर का नजारा देखते हुए यात्रा पूरी हो जाती है, लेकिन अगर कभी ट्रेन बीच रास्ते में खड़ी हो जाए और लंबे समय तक रुकी रहे तो सफर बहुत ही उबाऊ और थकाऊ हो जाता है। लेकिन यह जानकर आपको आश्?चर्य होगा कि ट्रेन के पहिए में ब्रेक लगने की वजह आप भी हो सकते हैं। जी, हां, ट्रेन या स्?टेशन में आपके गुटका या चिप्?स खाने से ट्रेन रुक सकती है। यह खुलासा भारतीय रेलवे द्वारा की गयी एक जांच से सामाने आया है।

### कई बार ट्रेन के साथ हवा में उड़ते हैं ये रैपर

रेलवे का नेटवर्क देशभर में 70000 किमी। से अधिक है, जिसमें करीब 23000 के करीब ट्रेनें( पैसेंजर और गुड्स) चलती हैं। अगर केवल पैसेंजर ट्रेनों की बात की जाए तो 13000 से अधिक हैं। इनमें से 4000 के करीब प्रीमियम ट्रेनें (वंदेभारत, शताब्दी और राजधानी जैसी) और मेल एक्?सप्रेस शामिल हैं। कई बार ये ट्रेनें यात्रियों गैरजिम्?मेदाराना काम की वजह से भी लेट होती हैं!

### ये है मंत्रालय की जांच

बताया जाता है कि हाल ही में भारतीय रेलवे के वरिष्?ठ अधिकारियों ने रेलवे ट्रैक की जांच की। इस दौरान ट्रैक के किनारे सबसे अधिक पाए जाने वाले कूड़े में गुटका के पाउच थे। जितनी भी दूरी तक निरीक्षण किया गया, हर जगह पाउच मिले और फिर दूसरे नंबर पर चिप्?स के पाउच थे। इसके अलावा अन्य चीजें पायी गयीं।

### इस तरह रुक जाती है ट्रेन

मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार यात्री सफर के दौरान गुटका खोलने के लिए ऊपर का हिस्सा अलग करते हैं और पहले उसे विंडो से बाहर फेंकते हैं, फिर गुटका खाने के बाद दूसरा हिस्सा भी डाल देते हैं। इस तरह यह पाउच कई बार नीचे ट्रैक पर गिर जाता है या उडक़र पीछे चला जाता है।

## तेली प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता की लिए टीमों की मैचों का कार्यक्रम जारी

### लॉटरी से पर्ची निकाल कर प्रतियोगिता की टाइज डाली




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)**। देवगढ़ की श्री करणी माता स्टेडियम मे दिनांक 26अक्टूबर से शुरू हो रही तेली समाज की तेली प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता की लिए टीमों की मध्य खेले जाने वाले मैचों की लिए लॉटरी के माध्यम से पर्ची निकाल कर टाई डाली गई। प्रतियोगिता की तकनिकी सलाहकार नितिन तिवारी व तेली समाज की अध्यक्ष राजू तेली ने बताया की राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता मे 14टीम भाग ले रही है जिनके नाम डी एन डी स्पोर्ट्स क्लब गुंडली, सांवरिया किंग अहमदाबाद, भीम, भीलवाड़ा लॉयन्स, अडावन रॉयल्स सूरत, देवगढ़ ए, देवगढ़ बी, मामादेव क्लब सूरत, मेवाड़ क्लब चित्तौड़गढ़, लगान लिजेंडर राजस्थान,राजेश्वर टीम सूरत, साहू यूथ क्लब आसींद, रॉयल मेवाड़ इलेवन आमेट, राजस्थान रॉयल्स है। प्रतियोगिता नॉक आउट प्रतियोगिता की आधार पर खेली जाएगी। टाइज का कार्यक्रम मे सभी टीमों के कप्तान ऑनलाइन उपिस्थित रहे।आयोजन मंडल के कन्हैया लाल ने बताया की प्रतियोगिता दीन -रात को फल्ड लाइट की रौशनी मे खेले जायेंगे 2दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच 27अक्टूबर को रात्रि मे खेला जायेगा.।प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए तेली समाज के कालू साहू, लक्ष्मण लाल, तेली थाना, भंवर लाल तेली कमलीघाट, कमलेश साहू, उत्तम साहू, ललित साहू, श्याम लाल साहू सहित समस्त घाणीवाल तेली समाज सेवा समिति मियाला सहयोग दे रहा है।

## नाथद्वारा तहसील कार्यालय में लगी आग, कई पुराने दस्तावेज जलकर खाक

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)**। जिले के नाथद्वारा तहसील कार्यालय में गुरुवार दोपहर अचानक आग लग गई, जिससे रिकॉर्ड रूम में रखी कई पुरानी फाइलें और दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए। यह घटना दोपहर करीब तीन बजे तहसील परिसर के पीछे बने रिकॉर्ड रूम में हुई। धुआं उठता देख एक कर्मचारी ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर पालिका की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया।



नायब तहसीलदार हस्तीमल महात्मा ने बताया कि फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से बड़ा नुकसान होने से बच गया। आग में 1991 की फाइलें, जाति प्रमाण पत्रों से संबंधित दस्तावेज और कुछ पुराने रिकॉर्ड जलकर खाक हो गए।फायर फाइटर विजेश गहलोत ने बताया कि टीम ने सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई की और आग पर नियंत्रण पा लिया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, हालांकि प्रशासन ने नुकसान का आकलन और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## मां तुलसी मानव सेवा संस्थान द्वारा डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)**। द्वारकाधीश मंदिर में गुरुवार को मां तुलसी मानव सेवा संस्थान द्वारा पूर्व राज परिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का हार्दिक स्वागत किया गया। डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने मंदिर पहुंचकर भगवान द्वारकाधीश के दर्शन किए और प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं मंगल कामना की।

दर्शन के उपरांत, संस्थान की ओर से गोरधन पूजा चौक में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान की अध्यक्ष रेखा माली, सचिव दरियाव सिंह, सदस्य गीता सालवी, किरण चौधरी, अजय यादव, निलेश शर्मा, भगवती माली, बापू, साथ ही नाथद्वारा ब्लॉग के युवा उद्यमी नितेश सिंघवी, सौरभ सिंघवी, भावेश कुमावत, गोपाल प्रजापत सहित संस्थान के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने गर्मजोशी से उनका अभिनंदन किया।संस्थान के पदाधिकारियों ने डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ को इकलाइ (शॉल) ओढ़ाकर, ठाकुर जी का प्रसाद एवं द्वारकाधीश जी की छवि भेंट कर उनका सम्मान किया।

## अणुव्रत दिवस के रूप में मनाया आचार्य तुलसी का 112 वां जन्मोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। अणुव्रत समिति उदयपुर द्वारा अणुव्रत विश्व भारती समिति के तत्वाधान में अणुव्रत आंदोलन के प्रवर्तक गुरुदेवश्री तुलसी का 112 जन्मोत्सव आज भुवाणा स्थित महाप्रज्ञ विहार तेरापंथ भवन में साध्वीश्री त्रिशला कुमारी आदि ठाणा पांच के सानिध्य में अणुव्रत दिवस के रूप में मनाया गया। संयम,सत्य और सदाचार के संदेश को जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर साध्वी श्री जी ने बताया एक कदम आत्म शुद्धि और समाज शुद्धि की ओर बढ़ाएं । थली परिषद के पंकज भंडारी ने अपनी गीतिका में बताया तुलसी तेरा उपकार ना कोई भूल पायेगा, दिल का हर सुरु सरगम गीत तेरे गायेगा... है दिव्य ज्योति करें उजियारा पावन प्रबल प्रकाश तिहारा तुझको लाखों प्रणाम... गाया। साध्वीश्री रश्मि प्रज्ञा ने अपने मधुर गीतिका से आचार्यश्री तुलसी का गुणवान किया। इस अवसर पर साध्वीश्री निश्चय प्रभाजी ने अपने वक्तव्य में आचार्य तुलसी द्वारा किए गए नारी जाति पर उपकार की महिमा बताई। प्रणिता तलेसरा ने बताया कि आचार्य तुलसी के जीवन और कार्यों को याद करते हुए हम उनके आदर्श और मूल्यों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करते हैं।

### पहचान के लिए पुराने पदों का मोह त्याग नहीं पा रहे, - किसी ने इस्तीफा दिया तो कोई पुराने पद से ही चल रहा

# तो क्या भाजपा में पदों से नाखुश नजर आ रहे पदाधिकारी

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (जीतेश रावल)**। केंद्र व राज्य में सत्तासीन भाजपा के पदाधिकारी यूं तो फूले नहीं समाते कि वे डबल इंजन की सरकार का हिस्सा है। लेकिन, जिले में कई पदाधिकारी अपने पदों से नाखुश नजर आ रहे हैं। जिला कार्यकारिणी घोषित हुए कुछ माह बीत चुके हैं, लेकिन नाखुश पदाधिकारी आज भी अपने पुराने पदों का मोह त्याग नहीं पा रहे। संभवतया इसलिए कि वे नई कार्यकारिणी में मिले पदों से खुश नहीं है। इनमें से एक तो इस्तीफा तक दे चुके हैं।

वहीं, दो-तीन ऐसे भी हैं, जो आज भी अपना परिचय पुराने पदों से ही देना श्रेयस्कर समझ रहे हैं।

**पुराने पदों से ही दे रहे अपना परिचय**

जिला कार्यकारिणी में पदों का बंटवारा करते समय पांच पूर्व पदाधिकारियों को प्रवक्ता नियुक्त किया गया। नया पद मिलने के बाद भी ये अपना परिचय पुरानो पदों के आधार पर ही दे रहे हैं। यहां तक कि हाल ही में राज्यमंत्री का जन्मदिन मनाने के उपलक्ष्य में जो बैनर व होर्डिंग्स लगाए गए उनमें भी इन पदाधिकारियों ने पूर्ववर्ती पदों का ही उपयोग किया।

**अध्यक्ष रहे पदाधिकारी बना दिए प्रवक्ता** :भाजपा में महज चार माह पहले जिला कार्यकारिणी घोषित हुई है, लेकिन अंदरखाने असंतुष्टि भी नजर आ रही है। पूर्व के कुछ पदाधिकारियों को नवीन पदों पर सैट करने के बजाय आउट कर देने से नाराजगी चल रही है। पांच जनों को प्रवक्ता बना दिया गया, जिनमें से अधिकतर मंडल अध्यक्ष व मोर्चा अध्यक्ष रह चुके हैं।

### धीरे-धीरे बाहर आ रही विरोध की सुगबुगाहट

भाजपा जिला कार्यकारिणी को लेकर पदाधिकारियों की असंतुष्टि धीरे-धीरे बाहर आ रही है। धनतेरस के दिन ही स्थानीय विधायक व राज्यमंत्री ओटाराम देवासी का जन्मदिन मनाया गया। इसके लिए शहरभर में बैनर लगाए गए। इनमें वर्तमान के प्रवक्ताओं ने भी अपनी शुभकामनाएं जाहिर करते हुए बैनर लगाए, लेकिन इनमें पुराना पद अध्यक्ष ही लिखवाया गया। वहीं, आईटी विभाग प्रभारी ने तो संगठन को समय नहीं दे सकने का कारण बताते हुए इस्तीफा ही भेज दिया। अनादरा चौराहे पर एससी-एसटी मोर्चा की ओर से हुए स्वागत कार्यक्रम के दौरान भी कुछ ऐसी बातें सामने आई, जिसमें इस वर्ग के लोग कार्यकारिणी में और जिला कार्यक्रमों में उन्हें अनदेखा किए जाने का आरोप लगा रहे थे।

### इसलिए नहीं त्याग पा रहे पुराने का मोह

पुराने पदों का मोह नहीं त्याग सकने वाले पदाधिकारियों में मंडल अध्यक्ष व मोर्चा अध्यक्ष शामिल है। माना जा रहा है कि जिला कार्यकारिणी में प्रवक्ता बनाए जाने से पहले वे मंडल अध्यक्ष व मोर्चा में अध्यक्ष रहे हैं। लिहाजा मान सकते है कि अध्यक्ष के बजाय प्रवक्ता पद इतना भी बड़ा नहीं है कि अध्यक्ष छोड़कर प्रवक्ता नाम से परिचय दिया जा सके।

### प्रवक्ता अपना काम बखूबी कर रहे हैं...

सभी प्रवक्ता अपना काम बखूबी तरीके से कर रहे हैं। रही बात बैनरों पर पूर्ववर्ती पद लिखे जाने की तो यह विषय उनके ध्यान में नहीं है। आईटी विभाग प्रभारी का इस्तीफा मिला है और उनसे बात हुई थी कि वे पार्टी को समय नहीं दे पा रहे हैं।

- **रक्षा भंडारी,** जिलाध्यक्ष, सिरोही भाजपा

### पंच दिवसीय दीपोत्सव पर महज दो-तीन दिन ही रोशनी सज्जा

## लाभ पंचमी से पहले ही बंद हो गए रोशनी के स्वीच

### अंधेरे में गुम हो रहे पैलेस रोड पर लगे रोशनी के तोरणद्वार

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)**। दीपोत्सव कहने को पंच दिवसीय महोत्स्व है, लेकिन नगर परिषद के लिए यह दो से तीन दिन का ही त्योहार है। चौंकना लाजिमी पर हकीकत यही है। दीपावली के मद्देनजर शहर में तोरणद्वार लगाए गए थे और इन पर रोशनी सज्जा की गई। यहां तक कि पैलेसरोड और नया बस स्टैंड रोड पर गड्ढों के बीच ही तोरणद्वार सजा दिए गए। लेकिन, लाभ पंचमी से पहले ही रोशनी के स्वीच बंद हो गए। दीपोत्सव के बावजूद तोरणद्वार अंधेरे में गुम हुए नजर आते हैं।

**लाभ पंचमी तक तो रोशनी कर ही सकते हैं** : शहरवासी बताते हैं कि गड्ढों को ठीक करने के साथ ही रोशनी सज्जा की जाती तो और ज्यादा सही रहता। दीपावली के उपलक्ष्य तोरणद्वार सजाए गए और में रोशनी सज्जा भी हुई, लेकिन यह दो दिनों में ही बंद कर दी गई। लाभ पंचमी तक को कम से कम रोशनी कर ही सकते हैं।

**चौराहों पर दीपावली को भी अंधेरा पसरा रहा** : वैसे शहर के अधिकतर हिस्से दीपावली पर भी अंधेर में ही गुम रहे। इनमें से शहर के वे कई मुख्य चौराहे भी शामिल हैं, जो हमेशा व्यस्त रहते हैं। यातायात का दबाव हो या यात्रियों की आवाजाही इन चौराहों पर हमेशा चहल-पहल रहती है, लेकिन नगर परिषद ने इन चौराहों को कोरा ही छोड़ दिया। कलक्ट्री चौराह, भाटकड़ा चौराहा, अनादरा चौराहा, गोयली चौराहा आदि इनमें शामिल है।



सिरोही में पैलेस रोड पर तोरणद्वारों पर बंद रोशनी।



सिरोही में कलक्टर आवास मार्ग पर अंधेरे में गुम तोरणद्वार।

### रोशनी तीन दिन ही रखी थी...

दीपावली के उपलक्ष्य में दो दिन रोशनी सज्जा करते हैं, लेकिन इस बार हमने तीन दिन रोशनी रखी थी। ठेकेदार को तीन दिन रोशनी का ही ऑर्डर दिया गया था।

- **पंकजकुमार,** जेईएन, नगर परिषद, सिरोही

## भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक बना पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र— उल्लास और उमंग से मना भाई दूज का पर्व



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)**। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र में भाई दूज का पर्व इस वर्ष पूरे हर्षोल्लास, श्रद्धा और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही गलियों और मौहल्लों में त्यौहार की रौनक दिखाई देने लगी। बहनों ने अपने भाइयों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए तिलक किया, आरती उतारी और उनकी कलाई पर रक्षा-सूत्र (मोली) बांधकर स्नेह की डोर को और मजबूत किया। भाई-बहन के इस पवित्र पर्व पर घरों में उल्लास का वातावरण बना रहा। पारंपरिक वेशभूषा में सजे-संवरे लोग पूजा-अर्चना में लीन रहे। कई परिवारों ने अपने घरों और मंदिरों में विशेष पूजन-समारोह का आयोजन किया, वहीं कुछ ने सामाजिक दूरी और सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए छोटे स्तर पर कार्यक्रम संपन्न किए। बाजारों में भी भाई दूज की चहल-पहल ने त्यौहारी रंग घोल दिया। मिठाइयों, उपहारों और सजावटी सामान की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। दुकानदारों ने इस अवसर पर विशेष ऑफर और पैकेज तैयार किए, जिससे त्यौहार की खुशी और बढ़ गई। बच्चों और युवाओं ने रंग-बिरंगी सजावट, दीपों और पुष्पों से घरों और गलियों को सजाकर उत्सव की शोभा बढ़ाई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि भाई दूज न केवल भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का पर्व है, बल्कि यह समाज में प्रेम, एकता और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश भी देता है। इस पर्व ने पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र में रिश्तों की मिठास को और गहराई दी, जिससे समूचा क्षेत्र उत्सवमय वातावरण में डूबा रहा।

## उदयपुर सांसद मन्ना लाल रावत ने आकाशवाणी उदयपुर के माध्यम से जनता से किया संवाद

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। आकाशवाणी उदयपुर से गुरुवार को संसदीय क्षेत्र उदयपुर के सांसद डॉ. मन्ना लाल रावत ने लाइव कार्यक्रम के माध्यम से जनता के साथ सीधा संवाद किया। मीडिया प्रभारी डॉ सीमा चंपावत में बताया कि इस अवसर पर उन्होंने आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, सुझावों तथा क्षेत्र के विकास कार्यों पर खुलकर चर्चा की और जनता के प्रश्नों के उत्तर दिए।

सांसद डॉ. रावत ने अपने संबोधन में अतिक्रमण, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, संपर्क पोर्टल, कचरा निस्तारण जैसे स्थानीय मुद्दों पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि शहर में बढ़ती जनसंख्या के साथ समस्याएं भी बढ़ी हैं, किंतु सरकार का प्रयास है कि विकास की हर योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने बताया कि 2011 से 2026 के बीच विकास का प्रतिशत 70ः तक बढ़ा है, जो जनता के सहयोग और सरकार की दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है। सांसद ने शिक्षा विभाग के जर्जर भवनों के सुधार, सीकल सेल उन्मूलन योजना, आयुष्मान भारत योजना, राष्ट्रीय दलहन मिशन, किचन गार्डन योजना, और आदिवासी क्षेत्रों में चल रही विशेष योजनाओं की भी जानकारी साझा की। डॉ रावत ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सतत विकास को गति देना और समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ना है। सांसद ने जनता से अपील की कि वे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाएं, शहर की स्वच्छता और विकास में सक्रिय सहयोग दें तथा संवाद को लोकतंत्र की सशक्त परंपरा के रूप में बनाए रखें। कार्यक्रम का उद्देश्य जनता तक शासन की नीतियों को पहुंचाना और जनसहभागिता के माध्यम से विकास को नई दिशा देना रहा।

## प्रागपुरा पुलिस की बड़ी सफलता : फरार स्थाई वारंटियों मनोज उर्फ पाण्डु और पवन को दबोचा

### महानिरीक्षक पुलिस जयपुर रेंज के विशेष अभियान में कोटपूतली-बहरोड़ पुलिस की प्रभावी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)**। जयपुर रेंज महानिरीक्षक पुलिस के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रागपुरा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी मनोज उर्फ मनोहर उर्फ पाण्डु एवं पवन कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेंज के आदेशानुसार दिनांक 1 अक्टूबर 2025 तक विशेष अभियान चलाकर फरार और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए थे। इस अभियान को प्रभावी बनाने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में तथा विराटनगर वृताधिकारी शिप्रा राजावत के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी प्रागपुरा कश्मीर सिंह ने किया। थाना प्रागपुरा पुलिस की गठित टीम ने निरंतर निगरानी और अथक प्रयासों के बाद काफी समय से फरार चल रहे दोनों स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। प्रागपुरा थानाधिकारी कश्मीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनोज उर्फ मनोहर उर्फ पाण्डु पुत्र नाथूराम कुमावत, निवासी लखेरो का मोहल्ला, तन प्रागपुरा और पवन कुमार पुत्र भैरूलाल सैनी, निवासी ढाणी ऊँची कोठी, कैरली बजरंगपुरा के रूप में की गई। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्त लंबे समय से न्यायालय से जारी स्थाई वारंट से बचते हुए फरारी काट रहे थे। प्रागपुरा पुलिस टीम ने ठोस सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर दोनों को दबोच लिया। एसपी देवेन्द्र विश्नोई ने बताया कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी पुलिस की प्राथमिकता में है।





### सीमाओं से परे, पृथ्वी की सतह से 1,120 मीटर नीचे होगी दुनिया की सबसे गहरी मैराथन

# हिंदुस्तान जिंक ने दुनिया की सबसे गहरी मैराथन के लिए बिकमिंगग् के साथ की पार्टनरशिप

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रयासों के साथ इतिहास रचने के लिए तैयार, दो दिनों में 18 देशों के 60 धावक स्वीडन में बोलिडेन की गारपेनबर्ग जिंक खदान में दौडेगें

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)**। दो दिन बाद होने वाली दुनिया की सबसे गहरी मैराथन के लिए उत्साह चरम पर है। यह असाधारण आयोजन स्वीडन में बोलिडेन की गारपेनबर्ग जिंक खदान में, समुद्र तल से 1,120 मीटर नीचे हो रहा है, जो दुनिया की सबसे आधुनिक खदानों में से एक है। इस रोमांच की झलक देने के लिए, एक 30 सेकंड का टीजर फिल्म भी जारी किया गया है।

25 अक्टूबर को, 18 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 60 धावक, जिनमें सीईओ, खनन उद्योग के प्रतिनिधि, चैरिटी कार्यकर्ता और शौकिया धावक मिलकर अपनी शारीरिक और मानसिक सीमाओं को आगे बढ़ाएँगे। इनमें से कई लोग अपनी पहली मैराथन दौड़ेंगे। वे एक ऐसे वातावरण में यह चुनौती पूरी करेंगे जिसका अनुभव कुछ ही लोग कर पाते हैं। सभी का एकजुट होकर चुनौती की भावना और सकारात्मक प्रभाव डालने की प्रेरणा से 1 मिलियन डॉलर (करीब 8 करोड़ रुपये) चैरिटी के लिए जुटाने का लक्ष्य है। दुनिया की सबसे बड़ा एकीकृत जस्ता उत्पादक और वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच चांदी उत्पादकों में से एक कंपनी हिंदुस्तान जिंक, विश्व की सबसे गहरी मैराथन के लिए आधिकारिक पार्टनर है।

इस कार्यक्रम में हिंदुस्तान जिंक का प्रतिनिधित्व सीईओ अरुण मिश्रा एवं सीओओ किशोर एस करेंगे, जो इस रिकॉर्ड तोड़ चुनौती में अन्य उद्योग जगत के प्रतिनिधियों और साहसी लोगों के साथ शामिल होंगे।

हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा, ने इस सहयोग के लिए अपना उत्साह साझा करते हुए कहा कि, हिंदुस्तान जिंक में, हमारा मानना है कि सच्ची ताकत सीमाओं को चुनौती देने में निहित है, चाहे वह मानव क्षमता हो, सुरक्षा में उत्कृष्टता हो, या तकनीकी नवाचार हो। दुनिया की सबसे गहरी मैराथन दृढ़ता और प्रगति की उस भावना का प्रतिनिधित्व करती है जो आधुनिक खनन को परिभाषित करती है।

# ब्यावर में गैंगबाजी का आतंकःधारदार हथियार से हमला, दो ग्रामीण घायल, पुलिस पर संरक्षण देने के आरोप

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** गांव राजियावास में 21 अक्टूबर की शाम नायरा पेट्रोल पंप पर उस समय सनसनी फैल गई जब लांबा निवासी प्रताप सिंह और उसके साथियों ने पेट्रोल पंप पर कार्यरत सचिन पुत्र धन्नाराम (जाति हरिजन) पर सरिया और लाठी से जानलेवा हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे ग्रामवासी दुष्यंतसिंह पुत्र भानुप्रताप (जाति रावत) पर भी हमलावरों ने बेरहमी से वार किए, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। ग्रामवासियों के अनुसार हमला करने वाले आरोपी लंबे समय से इलाके में दहशत फैला रहे हैं। वे आए दिन राहगीरों से झगड़ा-मारपीट करते हैं और खुलेआम हथियार लेकर घूमते हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि जवाजा थाना पुलिस इन असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि थाना अधिकारी और संबंधित पुलिसकर्मी इनसे सांठगांठ कर अपराधियों को पहले ही सूचना दे देते हैं, जिससे इनके हौसले लगातार बढ़ रहे हैं।ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक, ब्यावर से मांग की है कि इन तत्वों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शांति बहाल हो सके और समाज में व्याप्त भय की स्थिति समाप्त हो। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो यह गैंगबाजी भविष्य में और भी गंभीर घटनाओं का रूप ले सकती है।ग्रामीणों ने एकजुट होकर पुलिस प्रशासन से मांग की है कि अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, बाजार में इनकी परेड करवाई जाए ताकि आगे से ऐसी हरकत कोई न कर सके। साथ ही निष्पक्ष जांच कर क्षेत्र को इस दहशत से मुक्त कराने की अपील की है।

इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में पूरणसिंह (धर्मा भाई), चंद्रभानसिंह, कल्याणसिंह, कालू फौजी, पृथ्वी सिंह, महिपाल, देवेंद्र, भरत, राजवीर, ओमप्रकाश, अरविंद, अल्ताफ कुरैशी, धन्ना, दुष्यंत, अनिल, शक्ति, पुष्पेंद्र, गजानंद, गजराज, देवेंद्रपाल, गोविंद, युवराज, विक्रम, गोपाल, राजेंद्र, बीरम, बबलू, योगेश, राहुल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## फोटोग्राफर एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी में सत्यनारायण खंडेलवाल अध्यक्ष नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** क्षेत्रीय फोटोग्राफर एसोसिएशन की बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन कर विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया जिसमें सर्वसम्मति से फोटोग्राफर एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर समीपवर्ती ग्राम पंचायत पांडोली स्टेशन के उपसरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण खण्डेलवाल को नियुक्त किया गया।साथ ही एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष नरेश खटिक,महामंत्री हेमंत साहु,सचिव सत्यनारायण गर्ग,कोषाध्यक्ष आस्तिक आचार्य तथा कार्यकारिणी सदस्य पद पर खोजमा (बोहरा जी),प्रहलाद वैष्णव, संजय शर्मा,शंकर सुथार,भोलीराम,राजू रावत,अजय रावत,योगेश गर्ग,भीम,पप्पू सुथार,अशोक लोहार, नितेश माली,कैलाश चंदेल,महेश कुमावत को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का उपस्थित फोटोग्राफर एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण एवं उपरना ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

## 'जलता फटाका और हड़कंप — सतर्क लोगों ने दिखाया साहस, पुलिस ने थाने पहुंचाए शरारती युवक




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** अजमेर रोड स्थित बुधवार की रात ब्यावर जिंदल होटल के सामने स्थिति देव फटाके की दुकान पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ शरारती तत्वों ने जलता हुआ फटाका दुकान की ओर फेंक दिया और ई-रिक्शा से फरार होने लगे। चौकन्ने लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए उनका पीछा किया और गोरबंद कैफे के पास तीन युवकों को दबोच लिया।सूचना पर सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

एसआई मगाराम चौधरी ने पकड़े गए तीनों को थाने लेकर पहुंचे, जबकि एक अन्य को तलाश कर देर रात थाने लाया गया घटना से मौके पर हड़कंप मच गया, परंतु लोगों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।

## गणेश डागर के जिला अध्यक्ष बनने पर स्वागत अभिनंदन किया



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा(नि.स.)।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष किशन लाल जैदिया द्वारा निंबाहेड़ा के गणेश लाल डागर को अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस जिला चित्तौड़गढ़ के जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किए जाने पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद स्थित स्टेशन रोड कार्यालय निंबाहेड़ा पर मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर माल्यार्पणकर अपर्णा पहना कर कर मिठाई खिलाकर स्वागत अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद बिहारी लाल सोलंकी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली राजस्थान, पूर्व पार्षद रामचंद्र बामनिया ,प्रदेश महासचिव, नगर उपाध्यक्ष, मांगीलाल बामनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष सफाई मजदूर कांग्रेस, संपत लाल राठौर, नगर अध्यक्ष ,सफाई मजदूर कांग्रेस, किशन लाल क्रोटियाना, नगर अध्यक्ष राजेश रति, मनवर सिंह, दिलीप राठौड़, विनोद कांडारा, दीपक लोट, रमेश चंद्र लोट, राजमल राठौर, दिनेश कुमार मालवीय पेंटर, मनोज गुसर, पूर्व नगर अध्यक्ष आदि मौजूद थे ।

## पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. शेखावत की जयंती पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा(नि.स.)।** भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरोंसिंह शेखावत की जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को शेखावत सर्कल पर श्रद्धांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शेखावत जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक कृपलानी ने कहा कि भैरोंसिंह शेखावत जी ने राजस्थान की राजनीति में विकास, सुशासन और जनसेवा की एक अमिट छाप छोड़ी है। उनका जीवन प्रेरणा, समर्पण और ईमानदारी का प्रतीक रहा है। उन्होंने राज्य के विकास को नई दिशा दी और जनता के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए।

इस अवसर पर जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, वरिष्ठ नेता पारस पारख, डॉ. जे.एम.जैन, चंद्रमोहन गुप्ता, मोतीलाल आहूजा, विरेश चपलोत, उमेश तोतला, प्रकाश धींग, गोविंद सोनी, नानालाल भूतड़ा, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बुनकर, ग्रामीण मण्डल महामंत्री राजेश धाकड़, जिला मंत्री शौकीन चपलोत, पारस विरवाल, जिला प्रवक्ता मानवेन्द्र सिंह चौहान, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक गजेंद्र नवलखा, जिला उद्योग प्रकोष्ठ सह संयोजक विशाल सोनी, आर्थिक प्रकोष्ठ के गुणवंत शर्मा, नगर उपाध्यक्ष गोपाल पंचौली, लक्की आहूजा, पुष्कर सोनी, दीपक सोलंकी आदि सहित नगर के जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं नागरिकगणों ने उपस्थित रहकर स्व. भैरोंसिंह शेखावत की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### यूआईटी ई-लॉटरी प्रकरण में भाजपा प्रतिनिधिमंडल उतरा मैदान में, जिला कलेक्टर से की मुलाकात

## पारदर्शिता, ईमानदारी और सुशासन ही भाजपा की पहचान, निजी स्वार्थ के लिए किया गया भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं - मेवाड़ा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** नगर विकास न्यास (यूआईटी) द्वारा हाल ही में निकाली गई भूखंडों की ई-लॉटरी में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व और महापौर राकेश पाठक के सान्निध्य में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने ई-लॉटरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्न उठाते हुए आमजन के हित में निष्पक्ष जांच की मांग की।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा और महापौर राकेश पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। सरकार भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी शासन व्यवस्था के लिए संकल्पबद्ध है, ऐसे में निजी स्वार्थ के चलते किया गया कोई भी भ्रष्टाचार अस्वीकार्य है। इसलिए यूआईटी द्वारा निकाली गई ई-लॉटरी में सामने आई अनियमितताओं की त्वरित जांच आवश्यक है।

प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से मांग की कि चयनित 3081 आवेदकों के आवेदन और दस्तावेज कलेक्टर की निगरानी में सुरक्षित रखे जाएं, ई-लॉटरी प्रभारी रविश श्रीवास्तव को तत्काल निलंबित किया जाए तथा शिकायतों के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में अलग से एक शिकायत विंडो खोली जाए। कलेक्टर ने विषय की गंभीरता को समझते हुए न्यास सचिव ललित गोयल से विस्तृत चर्चा की और अपेक्षित कार्रवाई के निर्देश दिए। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने बताया कि आवेदकों की शिकायतों को सक्षम स्तर तक पहुंचाने के लिए भाजपा ने ई-लॉटरी हेल्पलाइन शुरू की है। इसके तहत कोई भी आवेदक अपनी शिकायत और संबंधित दस्तावेज ईमेल आईडी पर भेज सकता है।

इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष गोपाल तेली, विशाल गुरुजी, मंजू चेचाणी, कुलदीप शर्मा, अशोक तलाइच, जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह मोटरास, आरती कोगटा, अंकुर बोरदिया, शशांक बिड़ला, भूपेंद्र सिंह बिलिया, बाबूलाल आचार्य, ऋृशुशेखर शर्मा, नागेन्द्र सिंह राव, मुकेश सोनी, रमेश खोईवाल और मुकेश चेचाणी आदि मौजूद रहे।

### शहीदों को सलाम

## पुलिस लाइन ब्यावर में गूंजा 'अमर जवान अमर रहें' का स्वर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर बीते दिनों पुलिस लाइन ब्यावर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उन वीर पुलिस जवानों को नमन किया गया, जिन्होंने कर्तव्यपालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, एएसपी भूपेन्द्र सिंह, सीओ राजेश कसाना, सहित सिटी थाना अधिकारी आशुतोष पांडे, साकेतनगर थाना अधिकारी जितेन्द्र सिंह, सदर थाना अधिकारी गजराज चौधरी, जवाजा थाना अधिकारी महादेव सिंह, सेन्दड़ा थाना अधिकारी रामाकिशन, साइबर थाना प्रभारी पन्नालाल समेत पुलिस विभाग के अधिकारी व जवान उपस्थित रहे प्रातः 7:15 बजे शोक परेड और सम्मान गार्ड के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों ने भी श्रद्धांजलि देकर अपने साथियों को याद किया।पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि, पुलिस विभाग अपने शहीदों के परिवारों के साथ हमेशा खड़ा रहेगा।

**पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया** - कार्यक्रम के पश्चात पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया गया। सभी अधिकारियों व कार्मिकों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर एसपी रतन सिंह ने अधिक से अधिक पौधारोपण करने और हरियाली बचाने की शपथ दिलाई।

## माहेश्वरी समाज एवं श्री महेश सेवा समिति ने किया आरएएस चयनित हुए भाई बहन का सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाडा (अमित शर्मा)।** श्री नगर माहेश्वरी सभा के तत्वाधान मे हाल ही में राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले समाज के अमन लखोटिया और उनकी बहिन सृष्टि लखोटिया का महासभा के पुर्व सभापति रामपाल सोनी के सानिध्य में माहेश्वरी समाज के पदाधिकारीयो द्वारा मेवाड़ी पगड़ी एवं दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह में समाज के सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नव-चयनित अधिकारियों को सम्मानित किया, उनकी उपलब्धि की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर पुर्व सभापति सोनी ने कहा की आरएएस में चयनित इन युवाओं ने अपने परिश्रम, लगन और संकल्प से न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज का नाम रोशन किया है। इनकी सफलता हमारे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। साथ ही इस तरह के सम्मान समारोह का उद्देश्य समाज के अन्य युवाओं को भी प्रशासनिक सेवाओं में आने के लिए प्रोत्साहित करना है। समारोह मे प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचाणी, जिला अध्यक्ष अशोक बाहेती, जिला मंत्री रमेश राठी, नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, नगर मंत्री संजय जागेटिया, राजेंद्र कचोलिया, देवेन्द्र सोमानी, अभिजीत सारडा, महावीर समदानी, प्रमोद डाड, विनय माहेश्वरी, राजेन्द्र तोषणीवाल सहित राजेन्द्र ममता माहेश्वरी एंव कई पदाधिकारी उपस्थित थे। इससे पुर्व श्री महेश सेवा समिति द्वारा नव-चयनित अधिकारियों का स्वागत किया गया।

अध्यक्ष ओमप्रकाश नराणीवाल, सचिव राजेंद्र कुमार कचोलिया, उपाध्यक्ष सत्यनारायण मुन्द्रडा, निर्देशक दिलीप तोषणीवाल, ओमप्रकाश मालु, सुरेशचंद्र काबरा, केदार जागेटिया सहित लक्ष्मीनारायण वैष्णव, महावीर अर्चना लाखेटिया (पापा मम्मी) उपस्थित रहे।

## बापूनगर हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र की पहली वर्षगांठ मनाई

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) ।** भीलवाड़ा में हार्टफुलनेस के 14वें केंद्र बापू नगर हेमू कलानी पार्क में पहली वर्षगांठ मनाई। भीलवाड़ा एवं चित्तौड़ जिले के जोनल कोऑर्डिनेटर राजकुमार श्रीमाली ने बताया कि व्यक्ति के आध्यात्मिक विकास हेतु कार्यरत वैश्विक संस्था सहज मार्ग के हार्टफुलनेस गार्डन कनेक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत भीलवाड़ा में 1 वर्ष पूर्व ध्यान केंद्र संख्या 14 की बापू नगर के हेमू कलानी पार्क में प्रातः 7:00 बजे नियमित शुरुआत की जो अनवरत सर्दी, गर्मी, बरसात हर मौसम में चल रहा है। इसमें प्रतिदिन 20 से 25 व्यक्ति ध्यान का प्रशिक्षण लेकर लाभान्वित हो रहे हैं। अब तक लगभग 100 अभ्यासी इस केंद्र से प्रशिक्षित होकर नियमित हार्टफुलनेस के अभ्यास प्रातकालीन ध्यान, सायंकालीन क्लीनिंग तथा रात्रि को प्रार्थना कर रहे हैं।

## मेहनत का मिला मुकाम — विधायक रावत व नरेश कनोजिया ने किया आरएएस में चयनित ब्यावर की प्रतिभाओं का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा-2023 में सफलता प्राप्त कर ब्यावर का नाम रोशन करने वाले प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों का गुरुवार विधायक कार्यालय में सम्मान किया गया। विधायक शंकर सिंह रावत एवं नि. सभापति नरेश कनोजिया ने सभी चयनित प्रतिभाओं का माल्यार्पण कर मिठाई खिलाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।सम्मानित प्रतिभाओं में रितु भोजवानी, नेहा भोजवानी, योगिता साहू, प्रीति साहू, सपना मौर्या तथा प्रशांत त्रिवेदी शामिल रहे।विधायक रावत ने कहा कि इन युवाओं ने कठिन परिश्रम और लगन से यह सफलता प्राप्त की है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। इन्होंने अपने माता-पिता और ब्यावर का नाम गौरवान्वित किया है। नि. सभापति नरेश कनोजिया ने भी सभी चयनित अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आपकी यह उपलब्धि ब्यावर की प्रतिभा और परिश्रम का उज्ज्वल उदाहरण है। कार्यक्रम के दौरान मंगत सिंह मोनू, वीरेंद्र सिंह रावत, श्याम सिंह, विजय साहू, कुशल दगदी, तारेश साहू एवं कुलदीप भट्ट उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक आयोजत, सभी विभागों को सौंपे दायित्व

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़, (नि.स.)।** आगामी राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को डीओआइटी में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद विनय पाठक, अतिरिक्त जिला कलक्टर (रावतभाटा) विनोद मल्होत्रा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र शर्मा, अरविन्द भट्ट एलडीएम, आयुर्वेद विभाग, कृषि, उद्यान, राजीविका, नगर विकास न्यास एवं नगर परिषद के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मेला स्थल की स्टॉल आवंटन, मेला सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल, पार्किंग, प्रचार-प्रसार तथा अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय में पूर्ण कर ली जाएं ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से लगभग 300 स्टॉल स्थापित किए जाएंगे। इन स्टॉल्स पर संपूर्ण भारत से आमंत्रित प्राकृतिक एवं जैविक खाद्य उत्पाद, श्रीअन्न एवं मसाले, औषधीय उत्पाद, धातु व मिट्टी के बर्तन, प्राकृतिक सौंदर्य प्रसाधन, स्वयं सहायता समूहों के राजसखी उत्पाद, खादी वस्त्र, जूट, ऊन, कलात्मक फर्नीचर के हैंडीक्राफ्ट व हैंडलूम, इनडोर पौधे, बोनसाई तथा विभिन्न 'एक ज़िला एक उत्पाद की प्रदर्शनी प्रमुख आकर्षण रहेंगे।

इसके अतिरिक्त जिले के पंच गौरव की विशिष्ट प्रदर्शनी भी इस महोत्सव का विशेष आकर्षण होगी। बैठक में सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में समन्वय बनाए रखने पर बल दिया गया।

## हिंदू संगठनों ने मिठाई एवं पटाखे वितरित कर कपासन में मनाया दीपोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा नगर पालिका क्षैत्र की बस्तियों में मिठाई एवं पटाखे वितरित कर दीपोत्सव पर्व मनाया गया।

विश्व हिंदू परिषद प्रखंड मंत्री गोपालकृष्ण काबरा ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा बस्ती क्षेत्रों में निवासरत परिवारों के साथ दीपोत्सव पर्व मनाया गया।इस दौरान विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार बारेगामा द्वारा लोगो को सनातन धर्मनुसार जीवनयापन हेतु प्रेरित किया गया।साथ ही विहिप पदाधिकारियों द्वारा दीपोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में बस्ती वासियों में मिठाई एवं बच्चों में पटाखों का वितरण कर दीपोत्सव पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। पटाखे वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष मुकेश जागेटिया,जिला सहसंयोजक रोहितसिंह राजपूत,संरक्षक लाला चाष्टा, भवानीशंकर जीनगर,सहमंत्री राधाकिशन शर्मा,नगर सहमंत्री सुरेश जीनगर,संपत लोहार,हीरालाल माली आदि विहिप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाड़ी में अग्रवाल महासमिति का अधिवेशन और दीपावली मिलन समारोह 26 को, हर अग्रबंधु को दिया जा रहा न्यौता



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** अग्रवाल समाज के अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर धौलपुर जिला अग्रवाल महासंती द्वारा 26 अक्टूबर को जिला अग्र अधिवेशन और दीपावली मिलन समारोह का आयोजन बाड़ी में किया जा रहा है। ऐसे में कार्यक्रम को लेकर बाड़ी अग्रवाल समाज की एक अहम बैठक का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। जिसमें समाज अध्यक्ष एडवोकेट राधेश्याम गर्ग और महामंत्री हरिशंकर सर्राफ के साथ पूर्वी राजस्थान संमेलन अध्यक्ष गिरीश गर्ग ने शिरकत की। इस दौरान अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन किया गया और सभी अग्र बंधुओ को सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

अग्रवाल समाज के यूथ अध्यक्ष सचिन बंसल ने बताया की धौलपुर जिला अग्रवाल महासमिति द्वारा यह आयोजन बाड़ी के बसेड़ी रोड स्थित शंभू रिशोर्ट मैरिज होम में 26 अक्टूबर रविवार को किया जा रहा है। इस अधिवेशन को सफल बनाने के लिए समाज की एक अहम बैठक शहर की अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित हुई। इस बैठक में सभी सदस्यों और पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे समाज के सभी घरों में अग्रबन्धुओ से जाकर संपर्क करें और उन्हें अग्र अधिवेशन में आमंत्रित करे। जिसको लेकर एक पोस्टर का भी विमोचन किया गया है। इस अधिवेशन में समाज से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा होगी साथ में आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। अधिवेशन का आयोजन धौलपुर जिला अध्यक्ष ऋषि मित्तल महामंत्री राजेश कुमार गर्ग और अन्य पदाधिकारी द्वारा अग्रवाल समाज के सहयोग से किया जा रहा है। बैठक के दौरान अग्रवाल समाज के पदाधिकारी पप्पू उर्फ राजेंद्र गर्ग,विजय डेयरी,रवि मोदी,योगेश अग्रवाल के साथ तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पीएनबी बैंक में हुई जेब तराशी की घटना, बुज़ुर्ग की जेब से 50 हजार की नकदी पार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर की पंजाब नेशनल बैंक में एक बुजुर्ग के पाजामे की जेब में रखे 50 हजार रुपये की नगदी के पार होने का मामला सामने आया है। घटना में दो किशोरो द्वारा वारदात होना बताया जा रहा है। घटना को लेकर पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



शहर के ठाकुर पाड़ा निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग अर्जुन सिंह पुत्र गजाधर सिंह ठाकुर के साथ यह वारदात हुई है। पीड़ित अर्जुन सिंह ने बताया कि वह गुरुवार को दिन में करीब दो बजे पीएनबी बैंक में अपने खाते से पैसे निकालने गए थे। उन्होंने बैंक पहुच विठ्ड्रॉल फॉर्म भरा और करीब आधा घंटे में उन्होंने काउंटर से पैसे लिए,जिनको अपने पाजामे की जेब में रख लिए और पासबुक को एंट्री करने के लिए लाइन में लगे थे।

इस दौरान दो किशोर बालक जिनकी आयु करीब 14 से 16 वर्ष के बीच होगी उन्होंने वारदात को अंजाम दे दिया। दोनों किशोर उनके पजामे की जेब से चालाकी से पैसे निकाल कर ले गए। जब उन्होंने जेब पर हाथ रखा तो 500-500 के नोटो की गड्डी गायब थी। घटना के बाद उन्होंने बैंक प्रशासन को भी बताया लेकिन उस समय किसी ने तत्परता नहीं दिखाई।उनको बैंक में कोई गार्ड भी दिखाई नहीं दिया।

घटना को लेकर बाद में सूचना मिलने पर बुजुर्ग के परिजन बैंक पहुंचे,पीड़ित बुजुर्ग अर्जुन सिंह पुत्र गजाधर सिंह ने कोतवाली थाने में घटना को लेकर रिपोर्ट दी है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना को लेकर साक्ष्य जुटाने के लिए बैंक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए है जिनमे दो किशोर वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे है।

## गिर्राज धरण के दर्शन कर 1500 भक्तों ने पायी अन्नकूट प्रसादी



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** प्राचीन मंदिर श्री राधारमण जी महाराज निकट लक्ष्मण मंदिर में आज गोवर्धन पूजा के दिन अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। मंत्री मोहन मित्तल ने बताया कि प्राचीन परम्परानुसार गोवर्धन पूजा के दिन आज मंदिर परिसर में अन्नकूघ्ट महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ। फूल बंगला व रोशनी की विशेष सजावट की गई। इस अवसर पर श्री कृष्ण जी की गिर्राज पर्वत उठाते हुए गोवर की सुन्दर आकर्षक झांकी सजाई गई जिसका फूलों से श्रृंगार किया गया।

कार्यक्रम संयोजक विष्णु लोहिया ने बताया कि पूजा अर्चना एवं महाआरती 12.15 बजे प्रमुख उद्योगपति समाजसेवी यश अग्रवाल, रविन्द्र अग्रवाल, भूपेश अग्रवाल, मनु अग्रवाल, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग, मंदिर श्री बांके बिहारी ट्रस्ट के सतीश मित्तल मैनेजर, मंदिर कमेटी अध्यक्ष चन्द्रमोहन गुप्ता एडवोकेट, डॉ. डी.डी. गोयल, मोहन मित्तल, भगवानदास बंसल, रामलीला समिति अध्यक्ष ब्रजेश कौशिक, पूर्व पार्षद कपिल फौजदार के आतिथ्य में हुई। मंांदिर में 1500 से अधिक भक्तगणों ने कडी, चावल, बाजरा, खीर, मिक्स सब्जी, मूंग, लडडू, पापडी, सिंगाडे, पूआ, पूडी आदि की प्रसादी पायी एवं 3 बजे से दौना में अन्नकूट की प्रसादी वितरित की गई।

इस मौके पर अतिथियों के अलावा विनोद सिंघल, हेमराज गोयल, जयपुर निवासी महेश चौधरी, निरोतीलाल अग्रवाल, एस.एन. अग्रवाल, अनिल गोयल मंहगाये वकाले, मनोज गर्ग, महेशचंद सिंघल, अर्जुन बंसल, प्रेम गोयल, भाजपा नेता नरेन्द्र सिंघल, कैलादेवी संस्था अध्यक्ष राधाकिशन विंदल, ब्रजकिशोर शर्मा, जयप्रकाश गोयनका, पन्नी कोठारी, विनोद बंसल, परषोत्तम डीगिया, प्रिंस सर्राफ, रामअवतार कोठारी आदि बडी संख्या में भक्तगणों ने प्रसादी पाई।

### देवस्थान विभाग की ओर से मनाए जाने वाला पंच प्रवाह दिवाली महोत्सव मनमानी की भेंट चढ़ा

# ठेकेदार की लापरवाही: मंदिरों में न भगवान को भोग, न ही भक्तों को प्रसाद

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** देवस्थान विभाग की ओर से मंदिरों में मनाए जाने वाला पंच प्रवाह दिवाली महोत्सव ठेकेदार की मनमानी की भेंट चढ़कर रहा गया। मंदिरों में गोवर्धन पर्व पर भगवान अन्नकूट प्रसादी का इंतजार करते रहे, लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण अन्नकूट का प्रसाद नहीं लग पाया। जिसे लेकर भक्तों में देवस्थान विभाग और ठेकेदार के खिलाफ आक्रोश व्याप्त हैं।

बता दें कि दीवाली पर्व के उपलक्ष्य में देवस्थान विभाग के अधीन मंदिरों के लिए अलग से बजट दिया गया था, प्रत्येक मंदिर को दीपावली पर मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-बिरंगी रोशनी, साज-सज्जा, पूजन सामग्री, प्रसादी और अन्नकूट भोग के लिए 2 लाख रुपए का बजट मिला था। टेंडर भरतपुर की फर्म मैसर्स चाहर एसोसिएट्स को मिला था। जिसे धौलपुर में देवस्थान विभाग के अधीन सभी 7 मंदिरों में पांच दिवसीय दीवाली महोत्सव पर साज-सज्जा, अन्नकूट प्रसाद की व्यवस्थाएं करनी थीं। लेकिन निगरानी के अभाव में ठेकेदार ने जमकर मनमानी की और भगवान को अन्नकूट भोग के लिए भी तरसा दिया। जबकि टेंडर नियमानुसार 51 हजार रुपए की लागत से अन्नकूट मंदिर परिसर में तैयार कराया जाना था, जो धौलपुर के किसी मंदिर में बनकर



तैयार नहीं हुआ। ठेकेदार ने कहीं बाहर अन्नकूट का प्रसाद बनवाया, जो तय समय के अनुसार भी मंदिर नहीं पहुंच सका। जिसके कारण भगवान को अन्नकूट भोग नहीं लग सका और मंदिर के पट बिना भोग के बंद हो गए। वहीं भगवान को अन्नकूट का भोग नहीं लग पाने की वजह से भक्तों को अन्नकूट का वितरण नहीं हो सका। दीवाली पर मंदिरों में विशेष सजावट होनी थी, सभी मंदिरों पर रंग-बिरंगी चुनरी लगाकर देवालयों को सजाया जाना था। लेकिन धौलपुर के किसी भी देवस्थान विभाग अधीन मंदिर में चुनरी की सजावट नही की गई। प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के शेरगढ़ हनुमान मंदिर के पुजारी दीपक अवस्थी ने बताया कि ठेकेदार ने मंदिर पर कोई चुनरी की सजावट नही की। ठेकेदार के कर्मचारी सस्ती चाइनीज लाईट और एक हैलोजन लाईट लटकाकर चले गए। वहीं ठेकेदार को प्रत्येक मंदिर पर 30 किलोग्राम मिठाई भेजनी थी, जिसकी दर टेंडर अनुसार लगभग 718 रुपए किलोग्राम रखी गई थी। लेकिन ठेकेदार ने मिलावटी और दूषित सामग्री से बनी मिठाई मंदिरों में भिजवाई । जो सबसे निम्न क्वालिटी की हैं। जिसे खाने से भक्त बीमार पड़ सकते हैं। वह मिठाई भी इसी डर से भक्तों में वितरित नही की गई हैं। साथ ही मंदिरों में दीप प्रज्वलन को आधा किलो रुई बाती दी जानी थी, लेकिन ठेकेदार ने प्रत्येक मंदिर पर 200 ग्राम रुई बाती भिजवाई, धूपबत्ती की जगह हवन सामग्री देकर चले गए। जो नाकाफी हैं।

जानकारी के अनुसार गतवर्ष भी देवस्थान विभाग ने भरतपुर की फर्म मैसर्स चाहर एसोसिएटस को पांच दिवसीय दीवाली महोत्सव का टेंडर दिया था। तब भी ठेकेदार, टेंडर अनुसार मंदिरों पर व्यवस्थाएं नही कर पाया था। इसके बावजूद ठेकेदार ने विभाग के कुछ सिफारिशी कर्मचारियों के बल पर टेंडर अपने नाम कर लिया। अगर विभाग पहले ही फर्म को ब्लैकलिस्ट कर देता तो यह नौबत नही आती। जिससे विभाग की छवि धूमिल होने से बच सकती थी।

# आपका विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है-जवाहर सिंह बेढम

### भाई दूज पर पसोपा में आयोजित ऐतिहासिक मेले में शामिल हुए डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री, पसोपा से नगला ढूंढी सड़क की दी महत्वपूर्ण सौगात

बढ़ता राजस्थान

**डीग(नि.स.)।** भाई दूज के पावन पर्व पर डीग के ऐतिहासिक गाँव पसोपा में आयोजित विशाल मेले एवं सामाजिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि में यहाँ एक मंत्री के तौर पर नहीं, बल्कि एक बेटे और भाई के तौर पर इस पवित्र उत्सव में शामिल होने और आप सभी का आशीर्वाद लेनेआया हूं । आपका यह विश्वास और स्नेह ही मुझे चौबीसों घंटे आपकी सेवा में जुटे रहने की असीम ऊर्जा प्रदान करता है।

बेढ़म ने कहा कि वे केवल उत्सव में शामिल होने नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास का संकल्प पूरा करने भी आए हैं। उन्होंने जनसमूह की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए पसोपा से नगला ढूंढी' तक की सड़क के डामरीकरण को मंजूरी देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिससे दर्जनों गाँवों के लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।

गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने कहा कि ये मेले हमारी प्राचीन संस्कृति और धार्मिक आस्था के जीवंत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा इन मेलों से हमारा सामाजिक ताना-बाना मजबूत होता है और आपसी भाईचारा बढ़ता है।उन्होंने विश्वास दिलाया कि इन आस्था के केंद्रों का विकास और संरक्षण करना उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र के विकास में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।



बेढ़म ने अपने संबोधन में सभी क्षेत्रवासियों को पंच दिवसीय दीपोत्सव और विशेष रूप से भाई-बहन के पवित्र प्रेम के प्रतीक 'भाई दूज' पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने सभी के सुखी, स्वस्थ और समृद्ध जीवन की कामना करते हुए इस स्नेह और आशीर्वाद को सदैव बनाए रखने की अपील की। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम के पसौपा पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका गिर्राज महाराज की जय और जवाहर सिंह बेढम जिंदाबाद के जयघोष से स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## श्री चित्रगुप्त मंदिर में मनाया दीपावली एवं दौज महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** श्री चित्रगुप्त मंदिर रक्षिणी कायस्थ समिति भरतपुर द्वारा गुरूवार को मंदिर प्रांगण में दीपावली मिलन समारोह एवं दौज पूजन कार्यक्रम एस.बी. सक्सैना तथा डॉ. एम.के. सक्सैना पूर्व प्राचार्य के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। जिसमें विधि विधान से पूजा की गई एवं कलम की पूजा की गई। इस कार्यक्रम में संस्कार सक्सैना, कु. हिताक्षी माथुर को केन्द्रीय सेवा में चयन, वैभव रायजादा, राहुल माथुर पदोन्नति, हेमेन्द्र सक्सैना सेवानिवृति, तेजस्वी मुबार सी0सैकण्डरी में प्रथम स्थान जिला जेवल पर शॉल, माला, स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया।

पूजन में सुनीता श्रीवास्तव, अशोक माथुर, राजकुमार माथुर, मनोज सक्सैना, शशि बाला, कल्पना सक्सैना एवं काफी संख्या में करीब 50 लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम पश्चात पूजन किये पैन, स्वल्पाहार के साथ समापन किया गया। संचालन नगेन्द्र सक्सैना कोषाध्यक्ष द्वारा किया गया।

## दीपावली के पावन अवसर पर वार्ड 43 में सफाई कर्मचारियों का भव्य सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** दीपावली के शुभ अवसर पर वार्ड 43 के निवर्तमान पार्षद दीपक मुदगल ने अपने वार्ड में स्वच्छता के प्रति समर्पित सफाई कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों को दुपट्टा पहनाकर, मिठाई वितरण और परितोषिक राशि देकर सम्मानित किया गया। समारोह में सफाई निरीक्षक अनिल सारवान और जामदार योगेश को उनके असाधारण योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। दोनों ने वार्ड की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पार्षद मुदगल ने कहा, हमारे सफाई कर्मचारी वार्ड की स्वच्छता के असली नायक हैं। इन्होंने न केवल नियमित रूप से बेहतरीन सेवाएं प्रदान की हैं, बल्कि कोरोना काल में भी अपनी जान जोखिम में डालकर समाज को स्वच्छ और सुरक्षित रखा। सम्मानित कर्मचारियों ने पार्षद के इस प्रयास की सराहना की और वार्ड को और अधिक स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। वार्ड 43 के निवासियों ने भी इस आयोजन की प्रशंसा की और सफाई कर्मचारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। यह समारोह न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि स्वच्छता के प्रति समुदाय में जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ।

### अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

## यूनिफॉर्म से बंचित किए ओबीसी, सामान्य वर्ग के छात्रों व बालिकाओं को भी दी जाये पोशाक

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (का.स.)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से पिछले दिनों जारी आदेश जिसमें स्कूली विद्यार्थियों में जाति व वर्गभेद के आधार पर यूनिफॉर्म की राशि उपलब्ध कराने के आदेश दिए गये थे का विरोध शुरु होने लगा है ।अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने राज्य सरकार से एक ही कक्षा में पढ़ने बाले छात्रों में विभेद कर और पूर्व में तय राशि में 200 रूपये की कटौती करने पर आक्रोश जताते हुए स्कूल शिक्षा परिषद के भेदभावपूर्ण आदेश के बाद यूनिफॉर्म से बंचित किए गए ओबीसी, सामान्य वर्ग के छात्रों व बालिकाओं को भी यूनिफ़ॉर्म उपलब्ध कराने तथा वर्तमान राशि में बढ़ोत्तरी व प्रक्रिया में बदलाव कराने की मांग की है ।

महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर विभाग की ओर कुछ माह पूर्व पिछले सत्र की छात्रों को यूनिफॉर्म की दी जा रही निर्धारित 800 रुपये की राशि में 200 रूपये की कटौती कर महज़ 600 से रुपये एससी, एसटी व बीपीएल वर्ग के छात्रों के खातों में हस्तांतरित की गई है।

इतनी कम राशि में से दो जोड़ी तो छोड़िए एक जोड़ी यूनिफॉर्म खरीदना या सिलवाना संभव नहीं है ।ज्ञापन में उल्लेख किया कि स्कूलों में 30 फ़ीसदी से अधिक छात्रों के जनाधार लिंक बैंक खाते नहीं होने से इतनी बड़ी तादात में छात्रों को यूनीफॉर्म राशि सेबंचित रहना पड़ रहा है। नकद राशि की बजाय छात्रों को सिली सिलाई,दो जोड़ी यूनिफार्म फैब्रिक व सिलाई की राशि दी जाये

सरकार को भेजे ज्ञापन में जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने लिखा है कि वर्तमान महँगाई के काल खंड में सभी स्कूली बच्चों को योजना का फ़ायदा मिले इसके लिए वर्तमान प्रक्रिया में बदलाव कर कक्षा 1-5 तक के छात्रों को सिली-सिलाई यूनिफॉर्म ,कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों एवं कक्षा 9 से 12 तक की बालिकाओं को पूर्ववर्ती सरकार की भांति दो दो जोड़ी फैब्रिक का वितरण स्कूल बाइज तथा सिलाई हेतु 600 रुपया प्रति विद्यार्थी उपलब्ध कराना ठीक रहेगा ।महासंघ ने मुख्यमंत्री से राज्य विधान सभा में पूर्व में की गई बजट घोषणा की पालना में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 1से 8वीं तक के विद्यार्थियों को स्कूल बैग उपलब्ध कराने तथा जिन स्कूली विद्यार्थियों के जनाधार लिंक बैंक खाते नहीं होने की बजह से गत शैक्षिक सत्र व वर्तमान शैक्षिक सत्र में यूनिफॉर्म राशि हस्तान्तरित नहीं हो पायी है।

### कई जगह हुई गोवर्धन महाराज की सामूहिक पूजा, कंपनी परिवार ने किया विशेष आयोजन

# शहर में धूमधाम से मनाया गया प्रकृति ही परमेश्वर गोवर्धन का त्यौहार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा का पर्व धूमधाम और और हर्षोउल्लास के साथ शहर में मनाया गया। कई मोहल्लों में जहां सामूहिक रूप से गोवर्धन महाराज की पूजा की गई,वहीं घरों में भी प्रकृति ही परमेश्वर के प्रतीक गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना हुई और सात कोस की परिक्रमा लगाई गई। शहर का सबसे बड़ा आयोजन बसेड़ी रोड स्थित मथुरा पैलेस में हुआ। जहां सैकड़ो की संख्या में एक ही परिवार (कंपनी परिवार) के लोगों ने एक साथ गोवर्धन पूजा की। यहां परिवार की महिलाओं ने गोबर से आदमकद गोवर्धन की प्रतिमा बनाई।

शहर के वरिष्ठ आचार्य पंडित खगेश सप्तनुज ने बताया की धौलपुर जिला बृज क्षेत्र से जुड़ा है। ऐसे में यहां बृज में प्रचलित हर त्योहार और पर्व मनाया जाता है। भगवान कृष्ण की जिले पर विशेष कृपा है। तीर्थो के भांजे मचकुंड में भगवान कृष्ण ने खुद आकर कालयवन नामक राक्षस का महाराजा मचकुंड से बध कराया था। ऐसे में प्रकृति से जुड़े गोवर्धन पूजा के इस पर्व को शहर और ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जाता है। दीपावली के बाद पड़वा को यह त्यौहार घर-घर में होता है। गाय के गोबर से गोवर्धन पहाड़ की प्रतीक प्रतिमा कृष्ण रूप



में बनाई जाती है। जिसकी सभी लोग मिलकर पूजा अर्चना करते हैं। आज भी कई मोहल्लों में सामूहिक रूप से गोवर्धन की पूजा होती हैं। कृष्ण के प्रकृति प्रेम से जुड़ा यह त्यौहार है जिसमें नए खाद्यान्न, शतकुट की सब्जी,कढ़ी,चावल,बाजरे के रूप में अन्नकूट की प्रसादी के रूप में ग्रहण किया जाता है। गोवर्धन पूजा के साथ शहर में जमकर आतिशबाजी हुई और लोगों ने एक दूसरे को गोवर्धन की बधाई दी।

**कंपनी परिवार का बड़ा आयोजन :** शहर के बसेड़ी रोड स्थित मथुरा पैलेस में कंपनी परिवार के लोगों ने एक साथ गोवर्धन पूजा की। महिलाओं ने करीब बीस फुट लंबी और दस फुट चौड़ी गोवर्धन महाराज की प्रतिमा बनाई। जिसको लेकर सुबह से तैयारी की गई। अग्रवाल समाज के एक ही परिवार (कंपनी परिवार) के लिए यह आयोजन बेहद खास रहा। जिसमे अलग-अलग दूर-दराज स्थानों पर रहने वाले परिवार के लोग जब एक साथ त्योहार पर आए तो ऐसा आयोजन हुआ जो बेहद खास हो गया। परिवार के सदस्य अजय गर्ग ने बताया कि आज संयुक्त परिवार लगातार टूट रहे हैं लोग एकल परिवारों में सीमित होकर रह गए है। ऐसे में उनके परिवार के सभी सदस्य जब एक साथ एकत्रित हुए और सभी ने एक साथ पूजा अर्चना की तो हर किसी के चेहरे पर खुशी और प्रसन्नता दिखाई दी। इस दौरान महिलाओं ने जमकर पटाखे फोड़े और खुशी मनाई।

## पुत्र ने किये अपने पिता के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** शहर मे 41 कर्मचारी कॉलोनी,अलवर निवासी शिवचरण लाल जैन पुत्र स्वर्गीय मगनलाल जैन के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान,अलवर शाखा अध्यक्ष आर एस वर्मा ने बताया राजेश जैन ने पिता के निधन के उपरांत उनके नेत्रदान के लिए डॉ श्रॉफ आई हॉस्पिटल को फोन किया।

तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। पुत्र राजेश जैन ने उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके ष्नेत्रदानष् कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी। उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

## किस्त नहीं चुकाने पर पिता से झगड़ा, बेटे ने लगाई फांसी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर में एक युवक ने पिता से कहासुनी के बाद आत्महत्या कर ली। पिता और बेटे में मकान बनाने के लिए लोन की किस्त को लेकर बहस हो गई थी। इसके बाद पिता अपना सामान लेकर किराए के मकान में चले गए। मृतक की पत्नी भाईदूज पर पीहर गई हुई थी। वहीं पीछे से घर में अकेले रहे युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया।

घटना अलवर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र के सांखला रोड बहाला में हुई है। पुलिस ने बताया कि सांखला रोड बहाला निवासी राहुल (22) और पिता रामदयाल में मकान के लोन को लेकर बहस चल रही थी। पिता ने राहुल को बताया कि घर बनाने के लिए बैंक से लिया गया लोन की किस्त भरना मुश्किल हो रहा है। दोनों के बीच किस्त के पैसे देने को लेकर गुरुवार दोपहर को कहासुनी के बाद पिता अपने सामान के साथ किराए के मकान में चले गए। इसके बाद राहुल ने घर में अपनी पत्नी की साड़ी से पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर में कोई और मौजूद नहीं था। मृतक की पत्नी भाईदूज पर पीहर गई हुई थी। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मृतक के भाई ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवाया है। शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को कराया जाएगा। पुलिस ने बताया कि परिवार की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## जिला कलक्टर ने आमजन से प्रदूषण नहीं फैलाने एवं कचरे का समुचित निस्तारण करने का किया आह्वान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में जिले में वायु गुणवत्ता सुधार एवं केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए ग्रेप-2 के प्रावधानों की पालना सुनिश्चित कराने हेतु विभिन्न गतिविधियां कराई जा रही है। जिला कलक्टर ने आमजन से आह्वान किया है कि ग्रेप-2 के प्रावधानों की पालना करते हुए प्रदूषण ना फैलाएं एवं घरों व प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का ऑटो टिपर आदि के माध्यम से उचित निस्तारण कर वायु गुणवत्ता सुधारने में सहयोग करें। नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि वायु गुणवत्ता सुधार हेतु अंतर विभागीय समन्वय के साथ ग्रेप-2 की पालना सुनिश्चित की जा रही है, जिसके तहत वायु गुणवत्ता के स्तर (एक्यूआई) को नियंत्रित रखने के लिए जेल सर्किल से मालवीय नगर तक तथा आर.आर. कॉलेज सर्किल से ज्योतिबा फूले सर्किल तक दो एन्टी स्मॉग गन के माध्यम से सडक पर पानी का छिडकाव कराया जा रहा है। वहीं अलवर शहर में किसी भी प्रकार की आगजनी घटना न हो इसके लिए भवानी तोप व बुध विहार में 6 फायर ब्रिगेड वाहन तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अग्यारा स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के कचरे में आग ना लगने की संभावना पर निगरानी के लिए 8 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सडकों पर धूल-मिट्टी ना उडे इसके लिए नगर निगम द्वारा 3 मेकेनिकल स्वीपिंग मशीनों के माध्यम से साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में साफ-सफाई के लिए तत्परता से कार्य किया जा रहा है, जिसमें शहर में नियमित साफ-सफाई के साथ ऑटो टिपर से कचरे का उठाव कर ट्रिटमेंट प्लांट में भिजवाया जा रहा है।

## आज और कल ग्रामीण क्षेत्रों में पर आयोजित होंगे शिविर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को राहत प्रदान करने एवं उनके मूलभूत कामों को एक ही छत के नीचे सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से 24 व 25 अक्टूबर को विभिन्न स्थानों पर सेवा पखवाडे के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होंगे। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 24 अक्टूबर को जिले के उपखण्ड क्षेत्र अलवर की ग्राम पंचायत बेलाका के लिए यूआईटी ग्राउंड एवं रायबका के लिए भारत निर्माण राजीव गांधी केंद्र में, उपखण्ड क्षेत्र राजगढ की ग्राम पंचायत राजपुर बडा व नाथलवाडा के लिए आईटी केंद्र में, उपखण्ड क्षेत्र रामगढ की ग्राम पंचायत रघुनाथगढ व पाटा के लिए अटल सेवा केंद्र में, उपखण्ड क्षेत्र लक्ष्मणगढ की ग्राम पंचायत इटेडा व मोलिया के लिए अटल जनसुनवाई केंद्र में शिविर आयोजित होंगे। 25 अक्टूबर को जिले के उपखण्ड क्षेत्र अलवर की ग्राम पंचायत साहोडी के लिए ग्राम पंचायत भवन एवं बख्तपुरा के लिए उप स्वास्थ्य केंद्र के सामने, उपखण्ड क्षेत्र कठूमर की ग्राम पंचायत नूरपुर व बडोदाकान के लिए भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र, उपखण्ड क्षेत्र राजगढ की ग्राम पंचायत बिरकडी के लिए सामुदायिक भवन में, उपखण्ड क्षेत्र रामगढ की ग्राम पंचायत मुबारिकपुर व डाबरी के लिए अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड क्षेत्र लक्ष्मणगढ की ग्राम पंचायत बुटियाना के लिए अटल जनसुनवाई केंद्र में शिविर आयोजित होंगे।

गुड़गाँव के आईटी सेक्टर पर किया पीएचडी शोध

# अलवर की अपना घर शालीमार निवासी स्वाती शर्मा को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

### वर्क.लाइफ बैलेंस नीतियों और कर्मचारी संलग्रता पर प्रभाव का व्यापक अध्ययन

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के प्रबंधन अध्ययन विभाग एवं पोडदार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्निकल इंस्टीट्यूटए जयपुर की शोधार्थी स्वाती शर्मा ने सफलतापूर्वक अपना पीएचण्डीण् शोधकार्य पूर्ण किया। उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। श्रीमती शर्मा ने डॉ. पायल उपाध्याय के निर्देशन में वर्क.लाइफ बैलेंस नीतियाँ और प्रथाएँ तथा उनका कर्मचारी संलग्नता और नौकरी छोडन्ने की प्रवृत्ति पर प्रभाव गुडग़ाँव के चयनित आईटीध्आईटीईएस संगठनों पर अध्ययन विषय पर शोध कार्य किया। उनके शोध में यह विश्लेषण किया गया कि कैसे आईटी सेक्टर की वर्क-लाइफ बैलेंस नीतियाँ कर्मचारियों की संतुष्टि, संलग्नता और टर्नओवर इंटेंशन को प्रभावित करती हैं। इस अध्ययन ने कॉर्पोरेट क्षेत्र में कार्य. जीवन संतुलन की नीतियों के व्यावहारिक महत्व पर नई दृष्टि प्रस्तुत की है। अंतिम मौखिक परीक्षा ;वाइवा.वॉइसद्ध में श्रीमती शर्मा ने अपने शोध निष्कर्षों का सफल प्रस्तुतीकरण डीआरसी चेयरपर्सन डॉ. शरद माहेश्वरी, बाह्य परीक्षक प्रो० सुनील कुमार, डॉ. आनंद चतुर्वेदी तथा मार्गदर्शक डॉ. पायल उपाध्याय की उपस्थिति में किया।

वर्तमान में श्रीमती स्वाती शर्मा नॉर्दर्न इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड मैनेजमेंटए अलवर में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं, जहाँ वे प्रबंधन के क्षेत्र मं अध्यापन एवं अनुसंधान कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। विश्वविद्यालय परिवार एवं पोडदार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्निकल इंस्टीट्यूट, जयपुर ने श्रीमती शर्मा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इसके साथ ही सभी परिजनों ने भी श्रीमती शर्मा को इस उपाधि प्राप्ति पर ढेरों शुभकामनाएँ दीं और उनके निरंतर सफलता की कामना की।

## पचपदरा विधानसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मिला प्रोत्साहन : विधायक चौधरी

बढ़ता राजस्थान



जयपुर,(का.स.)। पचपदरा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने कल्याणपुर मंडल क्षेत्र के दौरे के दौरान आयोजित सांसद खेलकूद प्रतियोगिता - मंडल स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के शिक्षा एवं पंचायती राज्य मंत्री श्री मदन दिलावर ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक वृहद् बनाया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों युवा खिलाडियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम्य अंचलों की प्रतिभाएँ यदि उचित मार्गदर्शन और मंच प्राप्त करें तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकती हैं। राज्य सरकार द्वारा खेल अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने हेतु अनेक योजनाएँ क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनका लाभ क्षेत्रीय युवाओं को मिलेगा।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने भी युवाओं को खेलों के माध्यम से अनुशासन, परिश्रम और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र निर्माण का सशक्त साधन हैं।कार्यक्रम के दौरान विजेता खिलाडियों को सम्मानित किया गया तथा भविष्य में उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन भी प्रदान किया गया।

## दीपावली पर सफाई योद्धाओं का हुआ सम्मान, मिठाई बांट कर बांटी खुशियां

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़(अलवर)।** माता शीतला सेवा समिति एवं लायंस क्लब राजगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में मालाखेड़ा गेट शीतला माता मंदिर श्री राम दरबार चबूतरे पर सफाई योद्धाओं का दुपट्टा व तिलक लगाकर सम्मान किया गया।

लायंस क्लब अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता एवं माता शीतला सेवा समिति अध्यक्ष वीरेंद्र दाधीच ने बताया कि इस अवसर पर 47 सफाई और रोशनी योद्धाओं का श्री राम दरबार चबूतरे पर तिलक लगाकर और दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें मिठाइयां वितरित कर इस पावन पर्व पर खुशियों में चार चांद लगा दिये।

लायंस क्लब के प्रांतीय सलाहकार डॉ खेम सिंह आर्य ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सफाई योद्धाओं का सम्मान किया गया। सफाई योद्धा पूरे वर्ष प्रत्येक गली मोहल्ले सडक़ों को साफ-साफ और स्वच्छ रखते हैं जिनसे हमें प्रेरणा लेकर उन्हें एक मंच पर लाकर उनका सम्मान कर हमें गौरव महसूस हो रहा है। सेवानिवृत शिक्षाविद् नंदलाल बैरवा ने बताया कि वाल्मिक समाज के इस सम्मान से सफाई योद्धा मोटिवेट हुए हैं जिससे वो और भी कर्मठता से कार्य करेंगे। राजगढ़ परीक्षेत्र के घायल पशु व पक्षियों की देखरेख के जुगनू तंबोली को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब के सचिव भूपेंद्र शर्मा, एन एल वर्मा, सेवानिवृत् शिक्षाविद योगेश वशिष्ठ, भारत भूषण भट्ट, माता शीतला सेवा समिति उपाध्यक्ष श्याम सुंदर विजय, कोषाध्यक्ष योगेश व्यास, विजेंद्र मिश्रा, संजय राजस्थानी, भामाशाह मनोहर लाल यादव,लोकेश रावत, शहर सफाई निरीक्षक अनिल सारसर, नरेश सहित सफाई और रोशनी योद्धा मौजूद रहे।

## पत्रकार सम्मान एवं कार्यकर्ता मिलन समारोह का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राम जन सेवा टीम(रजि.) संस्थान की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार सम्मान समारोह तथा गणमान्य नागरिकों का स्नेह मिलन समारोह का आयोजन समिति कार्यालय में किया गया। सभी पत्रकार तथा गणमान्य लोगों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। राम जन सेवा टीम (रजि.) संस्थान के अध्यक्ष रामसिंह बड़ला ने संस्थान द्वारा गत सत्र में किये गये कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नवीन सत्र में जनहित कार्य, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा जरूरतमंदों की सहायता करने सहित अन्य एजेंडा प्रस्तुत किया। उपस्थित लोगों ने संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए आगे भी ऐसे ही सामाजिक कार्य करने का प्रस्ताव दिया। संस्थान के वरिष्ठ सदस्यों ने शिक्षा को बढ़ावा देने, शिक्षण सामग्री का वितरण करने, बच्चों को गर्म स्वेटर, शूज, जुराब, जरूरतमंद लोगों को गर्म कबंल वितरण, कैंसर और अन्य घातक बीमारियों के बढ़ते प्रकोप से बचने हेतु नशा मुक्ति अभियान चलाने, ट्रैफिक नियम की पालना के लिए विशेष शिविर आयोजित करने, कस्बे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बेजुबान जीवों को सर्दी से बचाव के लिए डॉग हाउस बनवाने तथा रिफ्लेक्टर आदि लगवाने पर मंथन हुआ।

## पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना और राम जन सेवा टीम की मानवीय पहल

### गाड़िया लुहार परिवार के बच्चों को दिपावली पर दी खुशियों की सौगात

बढ़ता राजस्थान




**राजगढ़(अलवर)।** जब हम सब लोग पांच दिवसीय दिपोत्सव के त्योहार की तैयारी कर रहे थे। उन सबके बीच में एक ऐसा वर्ग भी था जो दीपावली के लिए खुशियों का इंतजार कर रहा था। इन बच्चों के लिए ऐसे ही खुशियां लेकर आई राजगढ़ पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना के प्रेरणादायक नेतृत्व में सामाजिक कार्यों में राज्य स्तरीय राम जन सेवा टीम(रजि.) संस्थान राजगढ़ के सक्रिय सहयोग से इन बच्चों की दिवाली का पर्व खुशियों से भर गया। पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना ने बताया कि राम जन सेवा टीम संस्थान के सहयोग से गाडिया लुहार परिवार के अभावग्रस्त बच्चों के साथ दीपावली फेस्टिवल मनाया गया। उन्होंने अपने हाथों से इन बच्चों को नए कपड़े पहनाएं, फल, मिठाईयां खिलाकर बच्चों को नियमित विद्यालय जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह आयोजन समाज के हाशिये पर खड़े बच्चों के साथ जीवन की खुशियां साझा कर उन्हें यह अहसास कराया कि वो भी समाज का एक महत्वपूर्ण और सम्मानित हिस्सा है। राम जन सेवा टीम संस्थान के रामसिंह बड़ला ने बताया कि इस पहल का नेतृत्व स्वयं पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना ने किया। उन्होंने कहा सरकारी पद केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है बल्कि उसमें सामाजिक परिवर्तन की अपार क्षमता भी निहित है। इस नेक पहल के माध्यम से समाज में यह संदेश देना है कि मानवीय करूणा और निस्वार्थ सेवा ही सच्ची साधना है। बच्चों के चेहरे पर आई मुस्कान और उनके दिलों में जगी उमंग इस सेवा कार्य की सबसे बड़ी सफलता रही है। संस्थान के इस कार्य से इन परिवारों के बच्चों को समाज में एक सम्मान मिला साथ ही इनके अंदर जो निराशा की भावना है उससे निकलकर आत्मविश्वास की भावना जागृत होगी। कार्यक्रम के इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता प्रभु राम रुपबास, हजारीलाल, हंसराज कांदोली, तारेश दुब्बी, जुगनू तमोली, सौरव गोपालिया सहित सामाजिक कार्यकर्ता तथा

हर वर्ष लगता है आराध्य देव लोक देवता घास भैरू का मेला

# घास भैरू का मेला, लग गई सरकारी नौकरी अब प्रमोशन का इंतजार

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.)।** टोंक के ग्राम पंचायत घास में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आराध्य देव लोक देवता घास भैरू का ऐतिहासिक मेला हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। क्या आपने कभी सुना है कि कोई लोकदेवता के शराब का भोग लगाने से किसी बेरोजगार युवक-युवती की सरकारी नौकरी लग जाए, या फिर किसी सरकारी नौकरी में लगे कर्मचारी को अर्जी लगाते ही प्रमोशन मिल जाए।

इतना ही अगर आपके ऊपर ऊपरी बाधा जैसे भूत,चुड़ेल या किसी प्रेत आत्मा का साया है तो उसका भी चंद मिनटों में ही इलाज हो जाए। हद तो यह है कि किसी लोकदेवता के यहां अर्जी लगाने से निसंतान दम्पतियों के पुत्र तक भी हो जाते है। ऐसा सिर्फ अंधविश्वास से ही सम्भव हो सकता है या फिर किसी चमत्कार से ही....हम आज आपकों वो तमाम चमत्कार आंखों दिखाने वाले है आप अपनी आंखों पर भरोसा बनाए रखना क्योंकि हो सकता है कि आप यह चमत्कार देखकर विचलित हो जाए....

आज हम आपकों राजस्थान में विश्व प्रसिद्ध लोकदेवता घांस भैरू के टोंक जिले में घांस गांव में लगने वाले ऐतिहासिक मेले में लेकर चलते है जहां करीब 5 टन वजनी पत्थर से बनी घांस भैरू की प्रतिमा को एक दर्जन बैलों की जोडियों ने खेंचकर गांव का भ्रमण करवाया।

सबसे पहले घास भैरू की प्रतिमा को शुद्ध पानी से नहालाया गया फिर करीब 5 किलों सिंदूर को चमेली का तेल मिलाकर प्रतिमा पर लगाया गया इसके बाद शुरू हुआ आराध्य देव घांस भैरू को महंगी शराब की बोतलों से भोग लगाकर मनुहार करने का सिलसिला। करीब दो घंटे तक घांस भैरू को अंग्रेजी शराब की बोतलों का धार चढ़ाकर मनाया गया इसके बाद एक मोटा रस्सा लिया जो करीब 100 मीटर लम्बा और कम से कम 200 किलो वजनी माना जाता है। इस रस्से में एक दर्जन बेलों की जोडियों को जोता गया इसके बाद मोटे रस्से के माध्यम से बैलों की जोडियों ने भैरू जी की प्रतिमा को खेंचा लेकिन कई बार रस्सा टूटा, एक दर्जन बैलों की जोडिया भी भेरूजी प्रतिमा को नहीं खेंच पाई, जब भक्तों ने मनुहार की, शराब का भोग लगाया, शुद्ध पानी भी पिलाया तब कही जाकर भैरू जी की प्रतिमा को गांव का भ्रमण करवाया गया।

इसके बाद जब भैरू जी की प्रतिमा गाव का भ्रमण कर अपने स्थान पर पहुंची तो फिर शुरू हुई आस्था, विज्ञान के बीच चमत्कार का दौर । किसी महिला में ऊपरी बाधा का इलाज हुआ, किसी नशेड़ी युवक की शराब छोडन्ने का गारंटी से उपचार हुआ। इतना ही कई ऐसे युवा जो सरकारी हासिल कर गांव लौटे उनकों भैरूजी ने आवाज देकर बुलाया और आशिर्वाद भी दिया। इस दौरान कई तस्वीरें कैमरे में ऐसी कैद हुई जिन्हे देखकर आप हैरत में पड़ सकते है। भोपे के शरीर में भैरू जी आए, पूरे शरीर की एक्टिविटी ही चंद पलों में बदल गई, अलगोजे और परम्परागत लोक गीतों पर भैरूजी ने डांस करते हुए भोपे के शरीर में प्रवेश किया, प्रतिमा पर तो शराब का भोग लगाया ही गया साथ ही भैरूजी ने भी खुद हाथ में शराब की बोतलें ली फिर जमीन पर अखाड़ा लगाकर सिर्फ नाक से सूंघ कर शराब का सेवन कर लिया, पलक झपकते ही बोतल आधी खाली हो गई।

इसके बाद फिर भूत, चुड़ेलों को निकालने का उपचार भी किया गया, भूत कीचपेट में आए एक युवक को जमीन पर लेटाकर पेट से खेचा गया। इतना ही नहीं आने वाले समय की भविष्यवाणी भी की गई और कहा गया कि इस बार सर्दी के मौसम में दो बार बारिश यानी मावठ होगी, इस भविष्यवाणी के साथ ही किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर अवैध तरीके से रुपए निकालने वाली गैंग चढी पुलिस के हत्थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर अवैध तरीके से रुपए निकालने वाली गैंग के चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें गैंग का मास्टरमाइंड भी शामिल है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि इस गैंग से जुड़े बदमाश सोशल सोशल मीडिया पर एटीएम के वीडियो देखकर जानकारी जुटाते और एटीएम पर टेप चिपकाकर व अन्य तरीकों से छेड़छाड़ कर रुपए निकालते थे। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि बह्मपुरी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एटीएम मशीन से छेड़छाड़ कर अवैध तरीके से रुपए निकालने वाली गैंग के अक्षय मीणा,इशू मीणा,चित्रांश मीणा और राहुल मीणा को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपित अलवर जिले के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एटीएम हैंग करने के काम में लिए जाने वाले औजार और मास्टर चाबी बरामद किए है। इसके साथ ही एक लग्जरी गाड़ी,दो मोबाइल और 13 हजार 100 रुपए नकद मिले हैं। वहीं अक्षय मीणा गैंग का मास्टरमाइंड है।

# कर्नाटकः आलंद में प्रति वोटर नाम हटाने लिए 80 रुपये दिए गए, जांच में कांग्रेस के 'वोटचोरी' आरोप का समर्थन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक सरकार द्वारा मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पाया है कि आलंद में मतदाताओं को सूची से बाहर करने के लिए प्रति नाम 80 रुपये का भुगतान किया गया है. एसआईटी का यह खुलासा कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के मतदाता सूची में कथित धांधली और 'वोटचोरी' के लंबे समय से चले आ रहे दावों को और पुख्ता करता है। उल्लेखनीय है कि 22 और 23 अक्टूबर को विभिन्न मीडिया संस्थानों द्वारा रिपोर्ट की गई तमाम खबरों में आलंद की मतदाता सूची से पैसे देकर वोटरों के नाम हटाने का आंकड़ा एक संगठित अभियान की ओर इशारा करता है, न कि किसी एक बार की गलती या प्रशासनिक चूक की ओर। इस मामले में चिंताजनक संकेत यह है कि मतदाताओं के नाम हटाना एक भुगतान वाली गिग इकोनॉमी अपराध में बदल गया है, जो नागरिकों के मतदान के अधिकार के बारे में सोचे बिना, लापरवाही से किया जाता है। मालूम हो कि एसआईटी अभी भी धन के स्रोत की जांच कर रही है – 6,018 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए 4.8 लाख रुपये कहां से आए – लेकिन उसका दावा है कि उसने यह पता लगा लिया है कि पैसा किसे मिला, और कलबुर्गी के स्थानीय निवासी मोहम्मद अशफाक और मोहम्मद अकरम इस पूरी श्रृंखला का हिस्सा थे। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, एसआईटी ने अपनी जांच में पाया है कि मोहम्मद अशफाक और मोहम्मद अकरम, ये दोनों निजी ऑपरेटर एक डेटा सेंटर चलाते थे, जहां कर्मचारी डेटा ऑपरेटर के रूप में काम करते थे. यही लोग मतदाताओं की ओर से आलंद विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची से अपने नाम हटाने का अनुरोध करते थे। इस संबंध में एसआईटी ज़मीनी स्तर की जांच के दौरान हटाए गए 6,018 मतदाताओं में से केवल 24 ही ऐसे नामों की पहचान कर पाया, जो अब उस निर्वाचन क्षेत्र में नहीं रहते हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो 99% से ज़्यादा मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया गड़बड़ी से हुई थी – ऐसे लोगों के नाम जो चुनाव आयोग द्वारा तैयार की गई मतदाता सूचियों में रहते तो वोट दे सकते थे। चूंकि विशेष जांच दल नाम हटाने से जुड़े वित्तीय लेन-देन की भी पुष्टि कर पाया है – प्रत्येक मतदाता के लिए 80 रुपये का भुगतान किया गया था – इसलिए, ऐसा प्रतीत होता हैकि नाम हटाना मतदाता सूची में हेरफेर करने के एक जानबूझकर किए गए।

# बिहार के चुनावी मैदान में अजब गजब लड़ाई कहीं पति-पत्नी तो कहीं पिता-पुत्र आमने सामने

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी।)।** कौशल यादव और राजबल्लभ यादव नवादा की राजनीति के ये दो ऐसे नाम हैं जो कभी एक साथ नहीं रहे, लेकिन अलग भी नहीं रहे। एक साथ इस लिए नहीं रहे क्यों कि दोनों ने कभी एक पार्टी से चुनाव नहीं लड़ा और अलग इस लिए नहीं रहे कि दोनों एक-दूसरे की पार्टी का अदला-बदली कर चुनाव लड़ते रहे। एक बार फिर इन दोनों ने अपनी-अपनी पार्टी की अदला-बदली कर ली है। इन दोनों में एक और समानता ये भी है कि दोनों की पत्नियां भी विधायक हैं। एक और दिलचस्प बात ये है कि इनमें से एक यादव पति-पत्नी एक ही पार्टी की टिकट पर दो अलग-अलग विधानसभा सीट से चुनव लड़ रहे हैं। कौशल यादव और राजबल्लभ यादव की राह एक-दूसरे के विपरीत ही रहती है, इस बार भी है। आरजेडी वाले राजबल्लभ अब जेडीयू वाले हो गए हैं और जेडीयू वाले कौशल यादव आरजेडी वाले हो गए हैं। दोनों यादव बंधू विधायक भी रह चुके हैं हैं और दोनों की पत्नी भी ये तमगा हासिल कर चुकी हैं। राजबल्लभ की पत्नी विभा देवी अभी नवादा से जेडीयू की प्रत्याशी हैं। चार बार विधायक रह चुके कौशल लालू के पाले में जाकर उनका पीछा कर रहे हैं। आरजेडी ने कौशल के साथ उनकी पत्नी पूर्णिमा यादव पर गोविंदपुर में दांव लगाया है। गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र भी नवादा जिला में ही है। एक ही पार्टी के टिकट पर पति-पत्नी के मैदान में उतरने का इस चुनाव का ये अनोखा मामला है। कौशल की बराबरी में पूर्णिमा भी चार बार विधायक रही हैं। इस दंपती के साथ चुनावी जीत का एक और अनोखा रिकार्ड 2005 का है। तब दोनों निर्दलीय विधानसभा का चुनाव लड़े थे और दोनों जीतकर विधायक भी बने थे। जीतने के बाद दोनों नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू में शामिल हो गए। लेकिन इसी साल मई-जून में जब बिहार में चुनावी चर्चा शुरू हो रही थी तभी इनका हृदय परिवर्तन हो गया। बताया जा रहा है कि इनको राजबल्लभ यादव के आने की भनक लग गई थी। आरजेडी को भी इसी समय का इंतजार था, लिहाजा जुलाई में कौशल यादव ने तेजस्वी यादव से गले मिलकर आरजेडी का झंडा उठा लिया। राजबल्लभ यादव की तरह कौशल यादव भी राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

## एनडीए में एक ही परिवार के तीन प्रत्याशी

जहानाबाद वाले अरुण कुमार पांच साल त सांसद रहे, इनके परिवार के तीन लड़के एक साथ राजनीति की दुनिया में कदम रख चुके हैं। अरुण कुमार के बेटे ऋतुराज को जेडीयू ने घोसी के मैदान में उतारा है। ऋतुराज के लिए यह पहला चुनावी अनुभव है। उनकी जीत के लिए खुद अरुण कुमार पसीना बहा रहे हैं। अरुण कुमार के भाई अनिल कुमार जीतनराम मांझी की पार्टी से मैदान में उतरे हैं है। अनिल कुमार चार बार विधायक रह चुके हैं और अब वो राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी बन चुके हैं। परिवार के तीसरे सदस्य रोमित कुमार, अरुण कुमार के भतीजे हैं। रोमित अरुण कुमार के दूसरे भाई अरविंद कुमार के बेटे हैं, वो भी पहली बार चुनावी मैदान में उतरे हैं। वो भी जीतनराम मांझी की पार्टी से अतरी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। टिकरी विधानसभा क्षेत्र गया जिला में आता है।

## एनडीए में एक ही परिवार के तीन प्रत्याशी

जहानाबाद वाले अरुण कुमार पांच साल त सांसद रहे, इनके परिवार के तीन लड़के एक साथ राजनीति की दुनिया में कदम रख चुके हैं। अरुण कुमार के बेटे ऋतुराज को जेडीयू ने घोसी के मैदान में उतारा है। ऋतुराज के लिए यह पहला चुनावी अनुभव है। उनकी जीत के लिए खुद अरुण कुमार पसीना बहा रहे हैं। अरुण कुमार के भाई अनिल कुमार जीतनराम मांझी की पार्टी से मैदान में उतरे हैं है। अनिल कुमार चार बार विधायक रह चुके हैं और अब वो राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी बन चुके हैं। परिवार के तीसरे सदस्य रोमित कुमार, अरुण कुमार के भतीजे हैं। रोमित अरुण कुमार के दूसरे भाई अरविंद कुमार के बेटे हैं, वो भी पहली बार चुनावी मैदान में उतरे हैं।

# असम के कोकराझार में रेलवे ट्रैक पर आईईडी विस्फोट, ट्रेन सेवाएं बाधित

बढ़ता राजस्थान



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम के कोकराझार जिले में गुरुवार तड़के कोकराझार और सलाकाटी स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर शक्तिशाली आइईडी विस्फोट के बाद ट्रेन सेवाएं बाधित हो गईं। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन विस्फोट के कारण कम से कम एक मीटर ट्रैक क्षतिग्रस्त हो गया जिसके परिणामस्वरूप व्यस्त मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ। पुलिस ने इस घटना में कथित रूप से शामिल एक व्यक्ति की पहचान कर ली है। कोकराझार और आसपास के जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और प्रमुख रेलवे मार्गों पर गश्त बढ़ा दी गई है क्योंकि जांचकर्ता अपराधियों का पता लगाने और विस्फोट के पीछे के मकसद का पता लगाने में जुटे हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पुलिस ने इस घटना में कथित रूप से शामिल एक व्यक्ति की पहचान कर ली है। उसके खिलाफ असम और झारखंड में कई मामले दर्ज हैं। यह पूछे जने पर कि क्या विस्फोट के पीछे किसी उग्रवादी संगठन का हाथ है, उन्होंने कहा, ''हमें केवल एक व्यक्ति की पहचान मिली है। उसके पीछे किसी संगठन का हाथ है या नहीं, यह जांच के अगले चरण में ही पता चलेगा। कोकराझार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुष्पराज सिंह के अनुसार, कोकराझार रेलवे स्टेशन से लगभग पांच किलोमीटर पूर्व में एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आइईडी) में विस्फोट हुआ, जिससे ट्रैक को भारी नुकसान पहुंचा और अप एवं डाउन दोनों लाइनों पर ट्रेनों की आवाजाही रोकनी पड़ी। एहतियात के तौर पर तुरंत यातायात रोक दिया गया, जिससे कई ट्रेनें आस-पास के स्टेशनों पर फंस गईं और सैकड़ों यात्री घंटों तक फंसे रहे। विस्फोट की खबर फैलते ही यात्रियों में दहशत और भ्रम की स्थिति पैदा हो गई।

# ड्रीमलाइनर के साथ पहले भी बैटरी की समस्या का सामना कर चुकी है एअर इंडिया




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बोइंग का 787 ड्रीमलाइनर (Boeing Dreamliner 787) विमान पिछले 14 वर्ष से दुनिया की कई प्रमुख एयरलाइंस के बेड़े में है और यह पहली बार दुर्घटना का शिकार हुआ है। आइये जानते हैं भारतीय एयरलाइंस के साथ ड्रीमलाइनर के रिश्तों और अब तक के सफर के बारे में। वर्तमान में एअर इंडिया और इंडिगो एयरलाइंस बी 787 विमान आपरेट कर रहे हैं। एअर इंडिया के बेड़े में 34 बी787 में से 27 बी787-8 पुराने विमान हैं। जुलाई में पहले बी787-8 को रेट्रोफिट के लिए भेजा जाएगा। पिछले वर्ष विस्तारा के साथ विलय के बाद शेष सात बी 787-9 एअर इंडिया के बेड़े में शामिल हुए थे। ड्रीमलाइनर में 18 बिजनेस क्लास सीटें और 238 इकोनमी क्लास सीटें हैं। विमान करीब 8,000 टेकआफ और लैडिंग कर चुका है। एअर इंडिया अपने बेड़े और विदेशी नेटवर्क का विस्तार कर रही है। उसने 20 अतिरिक्त बी787 विमानों का आर्डर दे रखा और उसके पास 24 अतिरिक्त विमान मंगाने का विकल्प है। हाल ही में इंडिगो ने नार्स अटलांटिक से लीज पर लिए गए बी787 का संचालन शुरू किया है। इंडिगो लंबी दूरी के संचालन के लिए ऐसे कुल छह विमानों को लीज पर लेने वाली है।

# लठबंधन वाले सिर्फ लठ चलाना जानते हैं, इन्हें युवाओं की चिंता नहीं, महागठबंधन पर जमकर बरसे पीएम मोदी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी।)** बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक है। राज्य में 6 और 11 नवंबर को दो चरण में 243 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। वहीं, चुनाव का रिजल्ट 14 नवंबर को जारी किया जाएगा। बिहार चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के युवा कार्यकर्ताओं से बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा है कि यह चुनाव बिहार के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने वाला है और युवा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पीएम मोदी ने विपक्षी महागठबंधन को लठबंधन करार दिया है। आइए जानते हैं कि पीएम मोदी ने अपने संबोधन में और क्या कुछ कहा है। पीएम मोदी ने बिहार चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद के दौरान महागठबंधन पर जमकर हमला बोला है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा है कि नीतीश जी और एनडीए ने बिहार को 'जंगल राज' से बाहर लाने, कानून का राज स्थापित करने के लिए कड़ी मेहनत की; अब लोग गर्व से खुद को बिहारी कहते हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक है। राज्य में 6 और 11 नवंबर को दो चरण में 243 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। वहीं, चुनाव का रिजल्ट 14 नवंबर को जारी किया जाएगा। बिहार चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के युवा कार्यकर्ताओं से बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा है कि यह चुनाव बिहार के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने वाला है और युवा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पीएम मोदी ने विपक्षी महागठबंधन को लठबंधन करार दिया है। आइए जानते हैं कि पीएम मोदी ने अपने संबोधन में और क्या कुछ कहा है।



### 'GST कम होने का बिहार के युवा जबरदस्त लाभ उठा रहे'

पीएम मोदी ने कहा- "बिहार के मेरे युवा साथियों, आप सभी को भाई-दूज के पर्व की ढेर सारी शुभकामनाएं। आज चित्रगुप्त पूजा का पावन दिन भी है, आज बहीखातों की पूजा भी की जाती है। आजकल देश में #GSTBachatUtsav भी चल रहा है। मुझे पता चला है कि #GSTBachatUtsav में बिहार के नौजवानों ने भी अपने लिए खूब खरीदारी की है। बाइक, स्कूटी पर GST कम होने का बिहार के युवा जबरदस्त लाभ उठा रहे हैं। त्योहारों की इस उमंग में छठी मईया की पूजा की तैयारी भी जोरो पर है। इन सबके साथ-साथ बिहार लोकतंत्र का महापर्व भी मना रहा है। ये बिहार की समृद्धि का नया अध्याय लिखने का चुनाव है। इसमें बिहार के नौजवानों की बहुत बड़ी भूमिका है। इसलिए, बिहार के आप नौजवान साथियों के साथ संवाद का अवसर मिलना उतना ही आनंद देता है।"

### रफ्तार पकड़ चुका है बिहार- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा- "आज देश में विकास का महायज्ञ चल रहा है और बिहार भी इसमें कंधे से कंधा मिलाकर चल रहा है। बिहार में हर एक क्षेत्र में, हर एक दिशा में काम हो रहा है। कहीं अस्पताल बन रहे हैं, कहीं अच्छे स्कूल बन रहे हैं, कहीं नए रेलवे रूट बन रहे हैं। इसका बहुत बड़ा कारण ये है कि देश और बिहार में एक स्थिर सरकार है। जब स्थिरता होती है, तो विकास तेज होता है। बिहार की NDA सरकार की शक्ति भी यही है। इसलिए आज बिहार का हर नौजवान उत्साह से कह रहा है - रफ्तार पकड़ चुका है बिहार, फिर से NDA सरकार!"


### राष्ट्रीय एकता दिवस की चर्चा

पीएम मोदी ने कहा- "मैं बिहार के सभी नौजवानों से कहूंगा कि हर बूथ में सब नौजवानों को एकत्र करें और उस इलाके में जो बुजुर्ग लोग हों, वो आकर जरा सबको पुरानी बातों को बताएं। वो जो विचलित करने वाले उनके अनुभव हैं, वो सभी नई पीढ़ी को बताने का कार्यक्रम बनाया जा सकता है। बिहार के सभी युवा कार्यकर्ताओं को एक और काम करना है। चुनाव की भागदौड़ रहेगी, छठ का महापर्व भी इसी बीच है। लेकिन, छठ के तुरंत बाद 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस है, देश के महान नेता सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती है। इस दिन Run for Unity होनी है। मैं तो कहूंगा कि हर गांव में कितनी ही चुनावी आपाधापी हो, लेकिन सरदार पटेल को याद करना चाहिए। बड़े शहरों में हर वार्ड में 15-20 मिनट, एकता दौड़ का आयोजन किया जाना चाहिए और ज्यादा से ज्यादा बेटे-बेटियों को इसमें जोड़ना चाहिए।"

### लोग जंगलराज को वापस नहीं आने देना चाहते- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा- "मुझे सारी ताकत 140 करोड़ देशवासियों से मिली है और ये सारी ताकत मतदाता के एक वोट की ताकत है। उस वोट ने ये परिस्थिति पैदा की है कि आज राम मंदिर भी बन गया, ऑपरेशन सिंदूर भी हो गया और देश नक्सलवाद से मुक्ति की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ये वोट की ताकत है और मैं मानता हूं कि पूरे हिंदुस्तान में वोट की ताकत की सबसे ज्यादा समझ मेरे बिहार के भाई बहनों को है। इसलिए, जंगलराज को एक बार हटाने के बाद आज वो किसी भी हालत में जंगलराज को वापस नहीं आने देना चाहते। आज बिहार की बेटियां आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं, ये हम सब के लिए बहुत ही गर्व का विषय है। Science और Technology का क्षेत्र हो, Aviation से Space Technology तक, Fashion Technology और Fintech Industry हो, या Medical education और Media जैसे क्षेत्र हो, बिहार की बेटियों ने हर जगह अपना परचम लहराया है।"

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार